स्पीड न्यूज

## पीएनबी फुसरो शाखा के मैनेजर को दी गयी विदाई

**बेरमो।** पंजाब नेशनल बैंक फुसरो के शाखा के सीनियर मैनेजर जयंत कुमारए प्रबंधक से शैकी सिंह और कंचन कुमार के स्थानांतरण पर क्षेत्रवासियों एवं नगरवासियों व बैंक के ग्राहकों ने उनके प्रमोशन एवं स्थानांतरण पर समारोह आयोजित कर विदाई दी। उन्होंने कई माह इस पद पर कोमाखान में अपने दायित्व का निर्वहन किया। सम्मान समारोह के अवसर पर सभी लोगों ने अपने विचार एवं अनुभव साझा किए। कोल व्यवसाई अभय कुमार सिंह ने उनके भविष्य में उत्तोरतर प्रगति की कामना की। समारोह में नए ब्रांच मैनेजर संतोष कुमार का भी अभिनंदन एवं स्वागत किया गया और उन्होंने भी आगामी समय मे ग्राहकों की सर्वोत्तम सेवा का भाव रखा।

## श्रमिकों के बीच साड़ी और शर्ट-पैंट का वितरण

**बोकारो।** श्रम नियोजनए प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभागए झारखण्ड सरकार के अंतर्गत बोकारो जिला के भेण्डरा पंचायत में झारखंड भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत श्रम अधीक्षक सह सहायक श्रमायुक्त प्रवीण कुमार ने निबंधित 407 लाभुकों को निबंधित कार्डए साड़ी एवं शर्ट पैंट वितरित किया। साथ ही सभी लाभुकों को सेफ्टी किट योजना के अंतर्गत 1000-1000 रु की राशि डीबीटी के माध्यम से उनके खाते में हस्तांतरित की जाएगी। मौके पर जिला परिषद सदस्य महेन्द्र प्रसादए नावाडीह प्रमुख पूनम देवीए परियोजना पदाधिकारी मानिक चन्द्रए स्वण जगरनाथ महतो शिक्षा मंत्री के पुत्र अखिलेश महतो शामिल हुए।

## जेबीवीएनएल ने शुरू की वन टाइम सेटलमेंट योजना

**बोकारो।** झारखण्ड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के ग्रामीण घरेलू उपभोक्ताओं को राहत प्रदान करने हेतु वन टाइम सेटलमेंट योजना की शुरूआत की गई है। बिजली उपभोक्ता अपने कार्यपालक अभियंताध्सहायक अभियंता विद्युत प्रमंडल चास, चंदनकियारी एवं तेनुघाट कार्यालय में किसी भी कार्यालय दिवस पर योजना का लाभ लेने के लिए संपर्क कर सकते हैं। योजना के तहत ग्रामीण घरेलू, शहरी घरेलू उपभोक्ता 5 किलोवाट तक और आईएएस निजी सिंचाई और कृषि सेवाएं जमा करने पर कुल डीपीएस माफ कर दिया जाएगा। 22 नवंबर तक का बिल अधिकतम पांच मासिक किस्तों में दिया जा सकता है। किस्त देय राशि के 20 प्रतिशत से कम नहीं होगी। इसे लेकर उपभोक्ताओं के लिए हेल्प डेस्क बनाया गया है।

## स्वास्थ्य केंद्रों में खुला फाइलेरिया क्लीनिक

**बोकारो।** राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी झारखण्ड द्वारा बोकारो जिला का भ्रमण किया गया। भ्रमण के क्रम में राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी द्वारा उपस्थित डॉ रेणू भारती जिला भीबीडी पदाधिकारी सलाहकार भीबीडी एफएलए लिपिक एवं डीईओ को निर्देश दिया गया कि सभी सामुदायिक स्वा केन्द्रों एवं सदर अस्पताल में सप्ताह में कम से कम एक बार फाइलेरिया क्लीनिक खोलते हुए इसका संचालन सुचारु रुप से जारी रखा जाये। फाइलेरिया क्लीनिक के बाहर एवं अंदर प्रचार .प्रसार हेतु बैनर एवं पोस्टर लगाया जाये। विभिन्न सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के संचालन हेतु चिकित्सक व सहयोगी को जिम्मेदारी सौंपी गई।

## टीआरएस इलेक्ट्रिक की टीम सेमीफाइनल में

**धनबाद।** रेलवे स्टेडियम धनबाद में चल रहे धनबाद मंडल अंतर विभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता में रविवार को टी आर एस इलेक्ट्रिक ऑपरेशन धनबाद की टीम 8 विकेट से इलेक्ट्रिक शेड गोमो की टीम को पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। टीआरएस ऑपरेशन धनबाद टीम की आलम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए मात्र 28 गेदं में 65 रन बनाएं,आलोक ने 3 ओवर में महज 14 रन देकर तीन विकेट लिए। मौके पर संजीव कुमार के अलावा एस बरुआ, चंदन विश्वास, शुभंकर सरकार, नरेश महतो, एस सी पांडे आदि मौजूद थे।

# भाजपा नेता-कार्यकर्ताओं ने सुनी पीएम के मन की बात

## सिंदरी के लोगों ने मन की बात का सुना 100वां संस्करण

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** सिंदरी के विभिन्न भागों में भाजपा नेताओं सहित सिंदरवासियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 100 वें संस्करण को बड़े प्रोजेक्टर तथा घरों में टीवी पर देखा और सुना। सिंदरी में शहरपुरा स्थित भाजपा प्रबुद्ध प्रकोष्ठ कार्यालय में वरिष्ठ नेता दिनेश सिंह के नेतृत्व में स्थानीय लोगों ने भी मन की बात सुनी। वरिष्ठ नेता दीपक कुमार दीपू के नेतृत्व में शहरपुरा विश्वकर्मा मंदिर में प्रोजेक्टर पर सिंदरीवासियों ने मन की बात कार्यक्रम को सुनकर कार्यक्रम का हिस्सा बने। वहीं भाजपा नगर अध्यक्ष अरविंद पाठक के साथ मंडल अध्यक्षों ने रोहड़ाबाँध स्थित कार्यालय में मन की बात कार्यक्रम को ध्यानपूर्वक सुना। रोहड़ाबाँध दुर्गा मंदिर में सिंदरी की महिलाओं ने भी एलइडी टीवी पर प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को ध्यान रखकर सुना। विभिन्न स्थानों पर पूर्व पार्षद सह भाजपा नेता दिनेश सिंह, ब्रजेश सिंह, संजय सिंह, रणधीर सिंह, रास बिहारी सिंह, कामेश्वर सिंह, कुंदन श्रीवास्तव, अजय सिंह, सुभाष सिंह, विश्वकर्मा मंदिर में वरिष्ठ भाजपा नेता दीपक कुमार दीपू, मुन्ना सिंह, प्रशांत पाण्डेय, दिलीप रिटोलिया, पवन शर्मा, महेन्द्र गुप्ता, अली अहमद खान, बबलू ठाकुर, रंजन कुमार, रवि वर्मा, रोहड़ाबाँध में नगर अध्यक्ष अरविंद पाठक, सुशांत महतो, अणीमा सिंह, प्रकाश बाउरी, राकेश तिवारी, रंजना शर्मा, धीरज सिंह, इंदुबाला, मनीष सिन्हा, प्रदीप हाँड़ी मौजूद थे।



### सिम्फर में मन की बात का सीधा प्रसारण

**धनबाद।** प्रधानमंत्री (सीएसआईआर के अध्यक्ष) के मन की बात की 100वीं कड़ी के राष्ट्रव्यापी उत्सव का कार्यक्रम रविवार सुबह 11 बजे सीएसआईआर-सीआईएमएफआर, बरवा रोड, धनबाद में मनाया गया। सिम्फर सभागार में 100 से अधिक वैज्ञानिकों और तकनीकी कर्मचारियों द्वारा लाइव कार्यक्रम देखा गया है। लगभग 100 युवा नवोदित वैज्ञानिक और परियोजना सहायक और पीएच.डी. छात्र प्रधानमंत्री मन की बात के लाइव प्रसारण में शामिल हुए। इस अवसर पर निदेशक सीआईएमएफआर प्रो अरविंद के मिश्रा ने युवा वैज्ञानिकों और समूहों के प्रमुखों से बातचीत की। उन्होंने वैज्ञानिकों से आग्रह किया कि वे अपने शोध को इस तरह उन्मुख करें कि समाज को इसका सीधा लाभ मिल सके। इस अवसर पर सीआईएमएफआर बरवा रोड और दिगवाडीह के वैज्ञानिकों ने भाग लिया।

### कतरास में आम लोगों ने सुनी मन की बात

**कतरास।** सिनीडीह मंडल अन्तर्गत भटमुरना काली मंदिर दरबार प्रांगण मे बूथ संख्या 251, 252 में प्रधानमंत्री की मन की बात का 100वां एपिसोड एल ई डी के माध्यम से सैकड़ों नागरिकों एवं ग्रामीण के साथ सुना गया। रविवार को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात 100वें एपिसोड के तहत कतरास के सामाजिक संस्था डॉ राजेंद्र प्रसाद सेवा संस्थान राजेंद्र क्लब के प्रांगण मंज मन की बात कार्यक्रम को सुनने के लिए पहुंचे श्रोता गण। मौके पर सरोज विश्वकर्मा ईश्वरी नारायण पांडे मदन विश्वकर्मा मौजूद थे।

### पीएम के मन की बात का 100वें एपीसोड को लोगों ने सुना

झरिया। भारतीय जनता पार्टी झरिया नगर की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात का 100 वां एपिसोड पूरा होने के खास मौके पर विभिन्न क्षेत्रों में लाइव प्रसारण रविवार 30 अप्रैल को किया गया। झरिया कतरास मोड स्थित भाजपा कार्यालय को फूल व गुब्बारों से सजाया गया था। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह ने स्थानीय लोगों व कार्यकताओं के बैठने की व्यवस्था की थी। साथी ही गर्मी को देखते शीतल पेयजल व शर्बत की भी व्यस्था की गई थी। सीधा प्रसारण के लिए बड़ा एलईडी टीवी लगाया गया था। सैकड़ों लोगों ने कतरास मोड़ स्थित कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात सुनी। मौके पर संतोष सिंह, सुमन अग्रवाल, आनंद ओझा,पिंकू चौबे,रंजीत रवानी, संतोष शर्मा समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे. भाजपा झरिया नगर अध्यक्ष अरुण साव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात का सीधा प्रसारण फतेहपुर स्थित भाजपा कार्यालय मे कराया, जहां सैकड़ों लोग मौजूद थे। भागा मंडल के कार्यकताओं ने भी टीवी स्क्रीन पर लाइव प्रसारण देखा. भाजपा प्रदेश कार्य समिति के सदस्य योगेंद्र यादव ने अपने आवास पर बूथ संख्या 141 के मतदाताओं के साथ कार्यक्रम देखा. श्रवण यादव, बबिता देवी, मुनि देवी, राहुल यादव, कांति यादव, अजय कुमार आदि मौजूद थे. मंडल अध्यक्ष सह वार्ड 40 के पूर्व पार्षद सुजीत सिंह के आवास पर लोगों ने प्रधानमंत्री के मन की बात सुनी। महामंत्री अनिल शर्मा ने बालू लाइन में मतदाताओं के साथ मन की बात सुनी।

#### झरिया में सुनी मन की बात

**अलकडीहा/ झरिया।** झरिया के विभिन्न स्थानों पर भाजपा समर्थकों ने पीएम का मन की बात सुना।

जयरामपुर कोलियरी बूढ़ा बाबा मन्दिर में पी एम मोदी के 100 वें मन की बात कार्यक्रम का आयोजन बी जे पी कार्यकताओं ने बड़े उत्साह के साथ संपन्न किया ।पार्टी के कार्यकर्ता दो दिन पहले से इसकी तैयारी में जुटे थे।मंदिर प्रांगण में एल सी डी टीवी ,कुर्सी ,पीने का पानी और बैठने की उचित व्यवस्था की गई थी। बताते चले की मन की बात कार्यक्रम की शुरूआत 3अक्टूबर 2014 में हुई थी।आज इस कार्यक्रम का शतक था।मन की बात कार्यक्रम के जरिए पी एम मोदी आम लोगों से सीधा जुड़ते है। यह कार्यक्रम सरकार के मिशन और उद्देश्यों पर विचार करने का एक माध्यम है।इस कार्यक्रम में वैसे लोगों को हाईलाइट किया जाता जो देश के लिए महान काम किए हैं परंतु देश दुनिया के सामने कभी नहीं आए। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वक्षता, स्वावलंबन, फिट इंडिया,बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ,जल संरक्षण, स्वास्थ्य, वोकल फॉर लोकल,युवाओं की पढाई,योग,सड़क सुरक्षा ,जैविक खेती,स्टार्टअप इत्यादि बिंदुओं पर चर्चा हुई।आज उन्होंने चरैवेति, चरैवेति चरैवेति का नारा दिया। उन्होंने कहा कि मन की बात मेरे मन की आध्यात्मिक यात्रा बन गया है।यह कोटि कोटि भारतीयों की मन की बात है। पी एम ने कहा कि जब मैंने अमरीकी राष्ट्रपति ओबामा के साथ मन की बात की थी तो इसकी चर्चा पूरे विश्व में हुई थी। मौके पर आयोजन स्थल पर सुभाष सिंह,योगेंद्र मिश्र,दिनेश सिंह,अखिलेश सिंह,सुबोध सिंह,बिजेंद्र सिंह,मनोज सिंह, चुन्नू सिंह,सोनू सिंह,राजू सिंह,सुमंत सिंह नरेंद्र सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में शैलेंद्र सिंह उर्फ छोटू सिंह तथा रविशंकर सिंह सहित आसपास के ग्रामीण मौजूद थे।

## तोपचांचीः तालाब में डूबने से दो नाबालिग की मौत

### गांव में पसरा मातम

खबर मन्त्र संवाददाता

**तोपचांची।** गुनघसा गोमो में रविवार को एक हृदयविदारक घटना घट गई। रविवार को लगभग 11 बजें दिन में करन मंडल, उम्र लगभग 13/14 वर्ष, पिता- संजय मंडल एवं नयन मंडल, उम्र लगभग 17 वर्ष, पिता- अर्जुन मंडल उर्फ गौतम मंडल गुनघसा निवासी सूंड़ी बांध स्नान करने गया था। स्नान करने के दौरान दोनों तालाब में डूब गए। वहीं कुछ महिलाओं के चिल्लाने से आस-पास के लोग पहुंचे और दोनों को तालाब से बाहर निकाल कर इलाज के लिए ले गए परन्तु ईश्वर को कुछ और ही मंजूर था। ये दोनों का लाश घर पहुंचा। पुरे गांव में शोक का लहर हैं। सभी इस घटनाक्रम से दुखी है। करन मंडल इस साल आठवीं बोर्ड का परीक्षा दिया था एवं नयन मंडल इस वर्ष दशवीं का बोर्ड परीक्षा दिया था। शोकाकुल परिवार का रो- रो कर बुरा हाल है।



### एफसीआइ प्लांट में सुरक्षा गार्ड की पेड़ से गिरकर मौत

**सिंदरी।** हर्ल व एफसीआईएल सिंदरी प्लांट परिसर में एफसीआईएल में पदस्थापित गनमैन सुरक्षा गार्ड शिवजी सिंह के पेड़ से गिरकर मौत हो गई है। यह घटना हर्ल व एफसीआईएल के प्रशासनिक भवन के बगल में रविवार की सुबह लगभग 8 बजे की बताई जा रही है। शिवजी सिंह पूर्व सैनिक थे और बिहार के छपरा जिले के रहनेवाले थे। घटना के संबंध में एफसीआईएल सिंदरी यूनिट प्रभारी विजय कुमार चौधरी ने बताया कि गनमैन शिवजी सिंह की ड्यूटी प्लांट परिसर में रविवार को 5 बजे सुबह से एक बजे दोपहर तक थी। सिक्योरिटी इंचार्ज विजय कुमार सिंह ने उन्हें घटना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रशासनिक भवन के बगल स्थित कटहल के पेड़.पर चढ़ने के क्रम में गिर गए और उनकी मौत हो गई।

### जगह-जगह सुनी गयी मन की बात

**बेरमो/फुसरो।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात का 100वां एपिसोड रविवार को आकाशवाणी के द्वारा प्रसारण हुआए इसे बड़ी संख्या में लोग सुनकर लाभ उठायाए भाजपा के लोगो के द्वारा जगह जगह इसे संयुक्त रूप से सुनने के लिए व्यवस्था की गई थीए इस क्रम में डॉ रविंद्र उषा सिंह चैरिटेबल फाउंडेशन के संस्थापक सह समाजसेवी डॉ उषा सिंह के द्वारा अंगवाली स्थित श्री राधे श्याम गौशाला जहा सभी ने सामूहिक रूप से प्रधानमंत्री के मन की बात सुनी। इसमें भाजपा महिला मोर्चा के प्रदेश महामंत्री मंजूलता दुबेए भाजपा के कार्यालय अध्यक्ष बबीता देवी ने कहा कि यह उत्सव का मौका है।

## सेंट्रल कॉलोनी ऑफिसर्स क्लब में सुनी गयी मन की बात

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** सेंट्रल कॉलोनी मकोली ऑफिसर क्लब में रविवार को शांति श्याम फाउंडेशन के अध्यक्ष सह भाजपा नेता प्रकाश कुमार सिंह के नेतृत्व में मन की बात कार्यक्रम का भव्य व ऐतिहासिक आयोजन किया गया। मौके पर प्रकाश कुमार सिंह ने कहा कि मैं मजदूर का बेटा हूं। चांदी के चम्मच लेकर नहीं पैदा हुआ हूं। इसलिए गरीब ही गरीब की बात सुनेगा। कहा कि मैं मां.बाप का सौगंध लेकर कहता हूं कि बेरमो से परिवारवाद और भ्रष्टाचार का खात्मा करूंगा।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सीसीएल ढोरी महाप्रबंधक मनोज कुमार अग्रवाल ने अपने वक्तव्य में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम श्मन की बातश के 100 वें एपिसोड सुना। कहा कि ये परिचर्चाए मन की भावनाएंए राजनीति से हटकर सामाजिक मुद्दों पर केंद्रित रही हैं। इस माध्यम से केवल एक संवाद नहीं बल्कि इसके माध्यम से पूरे देश के लोगों की विचारधारा और ऐसी कहानियां जो इतिहास के पल में लुप्त हो जाती हैंए उन्हें उजागर करने का कार्य हुआ है।जबकि विशिष्ट अतिथि आचार्य हंसानंद जी गिरी ने कहा कि प्रधानमंत्री समाज में परिवर्तन लाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री शिक्षाए संस्कृति ए स्वच्छए भारत अभियानए नारी शक्तिए रोजगार को बढ़ावा देने का काम कर रहे है। कार्यक्रम मे वीआरएल डीएवी के प्राचार्य आरके सिंह व ढोरी डीएवी के प्राचार्य एस के सिंहए डॉ शकुंतला कुमार एभाजपा के वरीय नेता शिव प्रसाद सिंह मौजूद थे।



## लोयाबाद : सीएनजी लोड ट्रक खाई में पलटा, ड्राइवर घायल

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोयाबाद।** संपीडित प्राकृतिक गैस सीएनजी से भरी ट्रक बीआर01जीके 5402 सेन्द्रा पंजाबी मोड के समीप रविवार को अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। सीएनजी से भरी ट्रक दुगार्पुर से मटकुरिया जा रही थी जो कि पंजाबी मोड के समीप दुर्घटनाग्रस्त हो गई। दुर्घटना की सूचना जब लोयाबाद थाना को मिलि तो थाना प्रभारी विकास कुमार यादव सदल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रण करने का प्रयास किया। थाना प्रभारी ने अग्निशमन दस्ते को सूचना दी और दोनो ओर से परिचालन को रोकवाया गया, ताकि कोई अप्रिय घटना न घटे। प्रत्यक्षदर्शी का कहना है कि ट्रक काफी तेज गति मे थी जिसकी बजह से मोड पर अनियंत्रित होकर दूर्घटनाग्रस्त हो गई। ट्रक चालक गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसे स्थानीय लोगो की मदद से लोयाबाद क्षेत्रिय अस्पताल पहुंचाया गया। जिसे बेहतर ईलाज के लिए शहीद निर्मल महतो अस्पताल धनबाद भेजा गया । फिलहाल घटनास्थल पर स्थिति काबू मे है, और धनबाद कतरास मार्ग पर परिचालन को बहाल कर दिया गया है। वही घटना के संबंध में लोयाबाद थाना प्रभारी विकाश कुमार यादव ने बताया की रविवार की सुबह करीब 10 बजे चालक बिहारी ठाकुर सीएनजी से भरा ट्रक लेकर जा रहा था , पंजाबी मोड़ के पास ट्रक पलट गया।

## भाजपा नेता ने रेलवे कॉलोनी में कुंती देवी का जाना हालचाल

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** शांति श्याम फाउंडेशन के अध्यक्ष सह भाजपा नेता प्रकाश कुमार सिंह ने फुसरो भाजपा मंडल के निवर्तमान अध्यक्ष सह करगली रेलवे कॉलोनी निवासी भाई प्रमोद सिंह जी की पत्नी कुंती देवी के अस्वस्थ होने की जानकारी मिलने व इलाज करा कर घर लौटने पर जाकर मिला और उनके स्वास्थ्य की जानकारी लिया एवं जल्द ही स्वास्थ्य लाभ होने की ईश्वर से कामना किया।बेरमो विधानसभा क्षेत्र के चार नंबर न्यू एक्साभेशन एरिया तारे लाल गोस्वामी के निधन के उपरांत अध्यक्ष शांति श्याम फाउंडेशन सह भाजपा नेता प्रकाश कुमार सिंह ने उनके परिवार के लोगों से मिलकर गहरी शोक संवेदना व्यक्त किया। बताते चलें कि कुछ दिन पहले श्री सिंह ने रांची मे श्री सिंह उन्हे अस्पताल में भर्ती कराकर इलाज करवाया डॉक्टरों की सलाह पर ऑपरेशन करना पड़ा कैंसर के आखिरी चरण होने के कारण डॉक्टर उनको बचा नहीं पाए और उनका निधन 28 अप्रैल को सुबह में हो गई।

## सीसीएल की भूमि पर अवैध कब्जा जारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** सीसीएल कथारा क्षेत्र के बोकारो थर्मल जनता नगर के समीप स्थित सीसीएल द्वारा अधिग्रहित खाली भूमि पर अवैध कब्जा की कवायद शुरू कर दिया गया है। इसकी सूचना क्षेत्र के महाप्रबंधक सहित क्षेत्रीय सुरक्षा विभाग को भी है।प्राप्त जानकारी के अनुसार सीसीएल कथारा क्षेत्र के गोबिंदपुर फेज दो परियोजना के बोकारो थर्मल जनता नगर कॉलोनी से सटे खाली जमीन पर स्थानीय एक दबंग द्वारा सोंची समझी साजिश के तहत अवैध कब्जा किया जा रहा है। इसके लिए उक्त दबंग द्वारा लगभग 20 डिसमिल खाली प्लॉट में बड़े पैमाने पर ट्रेक्टरो से मिट्टी की भराई की जा रही है। बताया जाता है कि उक्त दबंग द्वारा उक्त कॉलोनी के एक आवास के समीप स्थित बाउंड्री वाल को तोड़कर रास्ता बनाया गया है। गुप्ता ने बताया कि पुनः सूचना के बाद 29 अप्रैल को सुरक्षा बल को उक्त स्थल पर भेजा गया था। निर्माण कार्य में लगे कर्मियों ने सुरक्षा टीम को खेती करने के उद्देश्य से यहां मिट्टी भराई किये जाने की जानकारी दी है।

### कई ट्रैक्टर ईंट और बालू जमा

उक्त स्थल पर पहले से हीं कई ट्रेक्टर ईंट बालू जमा कर रख दिया गया हैए ताकि मौका पाकर वहां निर्माण कार्य कर उसका अवैध लाभ उठाया जा सके।सूत्र बताते है कि उक्त प्लॉट के अधिग्रहण के समय हीं सीसीएल द्वारा रैयत को नौकरी और मुआवजा दिया जा चुका है। बावजूद इसके क्षेत्रीय प्रबंधन की लापरवाही का लाभ दबंग किस्म के रहिवासी उठा रहे हैं। ऐसा दर्जनों मामले जांच में सामने आ सकता है। इस संबंध में कथारा क्षेत्र के क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी सुनील कुमार गुप्ता से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि उन्होंने उक्त अवैध निर्माण के खिलाफ बोकारो थर्मल थाना में मामला दर्ज करा दिया है।

# मां भगवती जागरण पर निकली कलश यात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** सहजानंद नगर, धनबाद में मां भगवती जागरण का भव्य आयोजन किया गया। प्रातः 7 बजे कलश यात्रा आरंभ की गई जिसमें श्रद्धालुओं ने भारी से भारी संख्या में उपस्थित होकर भाग लिया। मां भगवती जागरण का शुभारंभ गणेश वंदना से गायक कृपांशु सिंह एवं कलाकार सुनीता सिंह, पिंटू शर्मा, अनूप राज, रजनी मेहरा ने किया । इसके बाद एक से बढ़कर एक कलाकारों द्वारा भक्ति गीत प्रस्तुत कर सभी श्रद्धालुओं का मन मोह लिया इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी श्रद्धालु गन रात भर झूमते नजर आए । इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष प्रकाश यादव उपाध्यक्ष रंजीत रावत, छोटू गुप्ता, महासचिव प्रदीप साव, प्रमोद साव, कोषाध्यक्ष महादेव चंद्र गुप्ता, राजीव महतो एवं सदस्यगण रंजीत कुमार गुप्ता, गुरुदेव गुप्ता, सुजीत कुमार गुप्ता जी का अहम योगदान रहा।



### व्रत उद्यापन में शामिल हुए दीप नारायण

टुंडी। रविवार को टुंडी, रतनपुर में गोपाल पांडे, अध्यक्ष क्षेत्रीय ब्राह्मण समाज के नेतृत्व में आयोजित छह दिवसीय श्री श्री 1008 श्रीमद् भागवत सह एकादशी व्रत उद्यापन के चौथे दिन जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह शामिल हुए। इस दौरान जजमान विनोद पांडे ने बताया कि एकादशी उद्यापन कथा में काफी संख्या में महिलाएं, बच्चे - बच्चियां शामिल होते हैं। प्रतिदिन विद्वान पंडितों द्वारा मंत्रोच्चारण से माहौल भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर दीप नारायण सिंह ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से क्षेत्र में भक्ति और अध्यात्म का माहौल बनता है। लोगों में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है, जिसके परिणाम स्वरूप लोगों के जीवन सुख, शांति और समृद्धि आती है। इस अवसर पर युवा जदयू टुंडी प्रखंड अध्यक्ष गौतम कुमार पांडे, गोपाल चन्द्र गोप,इंदल सिंह,प्रिंस कुमार, मधुसूदन पांडे, कामेश्वर पांडे, मिथिलेश पांडे, सुरेश पांडे, अश्विनी पांडे, हकीम पांडे, सूरज पांडे आदि उपस्थित हुए।

एक नजर में

## राज सिन्हा ने मजदूरों संग सुनी मन की बात



**धनबाद।** रविवार को धनबाद विधायक राज सिन्हा ने अपने आवासीय कार्यालय में बूथ संख्या 283, 284, 285, 286 के भाजपा कार्यकताओं एवं सैकड़ो मजदूर एवं सफाई कर्मचारीयों साथियों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के श्मन की बातश कार्यक्रम के 100वें एपिसोड को देखा। धनबाद विधानसभा अंतर्गत 109 विभिन्न स्थानों पर हजारों श्रोताओं ने श्मन की बातश कार्यक्रम के लाइव प्रसारण को देखा।

## सीजीएम ने सेवानिवृत्त कर्मियों को दिया उपहार



**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट से अप्रैल माह में सेवानिवृत होने वाले एक अधिशासी तथा 39 अनधिशासी कर्मियों हेतु मानव संसाधन विकास केंद्र के मुख्य प्रेक्षागृह में एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि सीजीएम (कार्मिक) हरि मोहन झा सहित जीएम (कार्मिक) सोनी सिंह व विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे। वरीय प्रबंधक (कार्मिक सेवाएं) डॉ नंदा प्रियदर्शिनी ने संचालन करते हुए सेवानिवृत कर्मियों को अन्तिम निपटारा एवं मैत्री भवन से संबंधित जानकारी दी तथा प्रत्येक कर्मियों का बायोडाटा प्रस्तुत किया। हरि मोहन झा ने सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों को उनके निष्ठापूर्ण सेवा के लिए बधाई देते हुए उनके सुखमय जीवन की कामना की तथा सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों को सेवा प्रमाण पत्र एवं उपहार भेंट किये।

## महिला अधिकार पर जागरूकता कार्यक्रम

**बोकारो।** रोटरी क्लब चास द्वारा महिला अधिकार विषय पर चीरा चास स्थित रोटरी भवन में एक जागरुकता कार्यक्रम चलाया गया। अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ने रोटरी क्लब के क्रियाकलापों पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित सदस्यों को चास रोटरी द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों में अपना सक्रिय योगदान बनाये रखने हेतु प्रेरित किया। मौके पर उपस्थित चास महिला थाना थाना की अधिकारी सुमेरी हेंब्रम ने आईपीसी की विभिन्न धाराओं का उल्लेख करते हुए महिला अधिकारों को लेकर जागरूक किया। चास रोटरी की सचिव पूजा बैद ने महिला अधिकारों के प्रति जागरुकता कार्यक्रम के आयोजन पर जोर दिया। कार्यक्रम में चास महिला थाना की अधिकारी उर्मिला कुमारी सहित माधुरी सिंह, ब्रेंडा टबोडाए डिंपल कौरए कल्याणी गुप्ताए उषा सिंहए अर्चना सिंहए उषा कुमारए रंभा सिंहए पूनम अग्रवालए किरण कुमारए डॉ पुष्पाए कैंडिडा टबोड़ाए राखी चौधरीए शिवानी तनेजाए नेहा अग्रवालए सेल रस्तोगीए डॉण श्रवण कुमारए डॉण सुमन कुमारए मनोज चौधरीए विनय सिंहए विपिन अग्रवालए कुमार अमरदीपए विनोद चोपड़ाए प्रेम शंकर सिंह दीपक अग्रवाल संजय रस्तोगी सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## खेतको से हजेउमरा के लिए दो यात्री रवाना

**बेरमो/खेतको।** पेटरवार प्रखंड के खेतको पंचायत से सउदी अरब हजे उमरा के लिए रविवार को दो हज यात्री रवाना हुए जिसमे रहमतुल्ला अंसारी वह खेतको पंचायत कि मुखिया अनवरी खातून शामिल है। इस अवसर पर खेतको पंचायत के ग्रामीण अपने मुखिया को हजेउमरा के लिए रवानगी करते समय पंचायत वासियों की आंखों में नाम थी तो किसी की आंखों में खुशी दिखाई पड़ रही थी सभी ने हज पर जाने वाले दोनो हाजियों से अपनी अपनी मगफिरत की दुआएं मांगने की मिन्नते कर रहे थे। वही मुखिया अनवरी खातून ने मौके पर कही कि हम अपने पंचायत के खुशहाली के लिए दुआ करेंगे कि मेरी पंचायत के सभी हिंदू . मुस्लिम आपसी भाईचारा से रहे और सभी हर बला से महफुज रहे तथा देश में अमनो आमान कायम रहे।मौके पर मुखिया पति सब्बीर अंसारी के अलावे हजे उमरा पर जाने वाले के परिजनों के अलावे सैकड़ों की संख्या में पंचायत वासी मौजूद थे।

## अंगवाली गोशाला में सुनी पीएम के मन की बात

बेरमो। 30 अप्रैल को देश के प्रधानमंत्री द्वारा देश की जनता के प्रसारित होने वाले मन की बात कार्यक्रम के सौ दिन पुरे होने पर रविवार 30 अप्रैल को बेरमो कोयलांचल के विभिन्न जगहों पर मन की बात सुनने के लिए विशेष आयोजन किए गए थे। इसी क्रम में फुसरो के अंगवाली स्थिति श्री राधे श्याम गौशाला परिसर में डॉ रविंद्र उषा सिंह चैरिटेबल फाउंडेशन के द्वारा भव्य आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री श्रीमती मंजूलता दुबे व बबीता देवी मुख्य रूप से शामिल हुई। जबकि इस भव्य कार्यक्रम का संचालन ओमप्रकाश उर्फ राजा द्वारा किया गया। कार्यक्रम मे भारी संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### जलमीनार का जिप सदस्य ने किया निरीक्षण

**चैनपुर।** चैनपुर मुख्यालय के छतरपुर सहित कई जगहों पर जिला परिषद मद से बन रहे जलमीनार का जिप सदस्य मेरी लकड़ा ने निरीक्षण कर कार्य की गुणवत्ता की जांच की और कार्य को समय से पूरा करने का निर्देश दिया। बता दें कि जिला परिषद मद से बेंदोरा पंचायत के छतरपुर एवं चैनपुर पंचायत के बरवे हाई स्कूल के नीचे बस्ती में जलमीनार का निर्माण कार्य हो रहा है।

### पीयर एजुकेटरों का प्रशिक्षण संपन्न

**डुमरी।** स्वास्थ्य विभाग एवं सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत डुमरी प्रखंड के जैरागी पंचायत भवन में चयनित पियर एजूकेटर का दो दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में उपस्थित साथिया को प्रशिक्षक द्वारा आरकेएसके कार्यक्रम, पियर एजुकेटर की भूमिका, नशा पान, गैर संचारी रोग, मानसिक स्वास्थ्य, हिंसा, बाल विवाह, प्रजनन स्वास्थ्य आदि कई महत्वपूर्ण विषय पर जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में सी 3 इंडिया के प्रखंड समन्वयक मुकेश उरांव , रितेश कुमार आदि मौजूद थे।

### भंडरा में लोगों ने सुनी प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात

**भंडरा।** भंडरा में प्रधानमंत्री के 100 वें एपिसोड मन की बात को सुनने के लिए प्रखंड के कई जगहों मे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भाजपा के जिला महामंत्री बालकृष्णा सिंह, मंडल अध्यक्ष विवेक सोनी, केदार गुप्ता, राजेश साहू सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। बालकृष्णा सिंह ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा देश के सभी प्रदेश के अच्छे कार्य करने वाले लोगो के प्रति संवेदना संदेश से सभी लोगों का मन भर आया।

### जख्मी हालत में जंगल में बेहोश मिला युवक

**गुमला।** विशुनपुर थाना क्षेत्र के कचकी डंका टोली निवासी 20 वर्षीय कपिल उरांव रविवार को बेहोशी की हालत में जंगल के एक गड्ढे में मिले। एसे परिजनों ने इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल में भर्ती कराया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने रिम्स रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार कपिल के सिर पर गहरा जख्म था। उसे मारकर गड्ढा में डाल दिया गया था और लकड़ियों से गड्ढे को ढंकने का प्रयास किया गया था।

### चांपी बजरंग दल का विस्तार किया गया

**कुडू।** प्रखंड के पश्चिमी क्षेत्र चांपी पंचायत में बजरंग दल का विस्तार दुर्गा मंदिर परिसर मैं किया गया। जिसकी अध्यक्षता बजरंग दल संयोजक सचिन कुमार साहू ने की। जिसमें विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई साथ ही साथ पंचायत कमेटी का विस्तार भी किया गया। मौके पर चांपी पंचायत संयोजक शंकर प्रजापति को बनाया गया। वही सहसंयोजक मुन्ना प्रजापति को बनाया गया है।

# लोहरदगा के भंडरा तालाब का रोचक है इतिहास, पानी के लिए संत ने त्याग दिया था अन्न-जल

**संदीप गुप्ता**

**भंडरा।** भारत सदियों से त्याग और बलिदान देने वाले महान आत्माओं का देश रहा है। यहां कई ऐसे भी बलिदान व चमत्कार होते आएं है, जो युगों-युगों तक लोगों के लिए आदर्श बने रहेंगे। ऐसी ही एक कहानी भंडरा प्रखंड की भी है।

कहा जाता है कि भंडरा गांव का नाम 14वीं शताब्दी में मधुबन गांव था। उस समय भंडरा में एक तालाब खोदे जाने के बाद पानी के लिए तीन दिन तक आचार्य जईमन राम ज्योतिष व उनकी पत्नी द्वारा अन्न, जल त्याग कर तपस्या की गई थी। तालाब में पानी नहीं निकला तो संत तप करने लगे थे। आकाशवाणी के बाद भी अपने संकल्प से वह संत डिगे नहीं। भंडरा के वयोवृद्ध लोगों का कहना है कि 14वीं शताब्दी में संत आचार्य जईमन राम ज्योतिष अपनी पत्नी के साथ एक बार रातू के महाराजा बड़लाल के दरबार में किसी समस्या के समाधान के लिए पहुंचे। वह अन्य संतो और विद्वानों के साथ गए हुए थे। जहां उनकी किसी बात को लेकर


तालाब की वर्तमान स्थिति।

भविष्यवाणी की परीक्षा ली गई थी। जिसे खुश होकर रातू के महाराज ने उन्हें दान स्वरुप भंडरा में चार एकड़ जमीन दी थी। इसमें संत जईमन राम ज्योतिष ने चार एकड़ जमीन में तालाब व उसके इर्द-गिर्द की जमीन में खेती करने की इच्छा लेकर तीन एकड़ जमीन में तालाब खुदवाया, परंतु तालाब खुदवाने के बाद भी पानी नहीं निकला। इस पर संत जईमन राम ज्योतिषी ने अपनी पत्नी के साथ ढाई दिन तक तालाब के बीच जामुन पेड़ के नीचे राधा-कृष्ण की प्रतिमा लेकर तपस्या शुरू कर दी। इसके बाद तीसरे दिन की रात आकाशवाणी हुई कि पूरब-उत्तर दिशा से पानी निकल रहा है। तालाब से निकल जाएं। इस पर भी इन्होंने अपना हठ नहीं छोड़ा और तप में बैठे रहे। उन्होंने संकल्प ले लिया कि जब तक तालाब में पानी नहीं देखेंगे, तक तक तालाब से नहीं निकलेंगे। इसके बाद आकाशवाणी के अनुसार पूरब-उत्तर दिशा से पानी का आगमन हुआ। जिसमें कहा जाता है कि पानी की रफ्तार इतनी थी कि तालाब लबालब भर गया, इसके बाद भी पानी आना बंद नहीं हो रहा था, जिससे बाद भंडरा के ग्रामीणों द्वारा चट्टान लाकर पानी निकल रहे स्थान को बंद किया गया।

इसकी जानकारी जैसे ही रातू के महाराज बड़लाल को हुई। महाराजा ने तुरंत अपने दरबारियों को भेज संत जईमन राम ज्योतिषी को अपने दरबार में बुलाया। इसके उपरांत महाराज ने उन्हें अपना राज पुरोहित मनोनीत करते हुए भंडरा में 30 मौजा का गांव दान में दिया था। फिलहाल भंडरा ऐतिहासिक तालाब में चारों ओर जलकुंभी फैला है।

# अवैध पत्थर खनन मामले में डीएमओ ने घाघरा थाने में दर्ज करायी प्राथमिकी

## सिरकोट गांव में जब्त किया गया दो हजार सीएफटी पत्थर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**घाघरा।** घाघरा थाना क्षेत्र के सिरकोट गांव स्थित करमटांड़ पहाड़ में हो रहे अवैध पत्थर खनन मामले में डीएमओ (जिला खनन पदाधिकारी) ने घाघरा थाने में सिरकोट ग्राम निवासी कृष्ण मोहन सिंह पर प्राथमिकी दर्ज करायी है। साथ ही, 2,000 सीएफटी पत्थर भी जब्त किया है।

बता दें कि अवैध खनन मामले में शनिवार की देर शाम एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल, अंचलाधिकारी प्रणव ऋतुराज, थाना प्रभारी अमित कुमार चौधरी दल-बल के साथ सिरकोट गांव पहुंचे। अवैध रूप से तोड़े जा रहे पत्थर को देखा।

इस संबंध में पुलिस ने बताया


अवैध पत्थर खनन की जांच करते पदाधिकारी।

कि अवैध खनन को लेकर सघन छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में पता चला कि सिरकोट ग्राम में भी अवैध रूप से वृहत पैमाने पर पत्थर खनन का कार्य किया जाता है। इसके बाद उक्त स्थल के जांच के लिए पहुंचे। वहां देखा गया कि काफी पत्थर तोड़कर रखा गया है। जांच के क्रम में लोगों ने बताया की उक्त कार्य कृष्ण मोहन सिंह द्वारा कराया जाता है। इसके बाद अवैध पत्थर खनन करने वाले आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी।

इधर, अवैध खनन के खिलाफ छापेमारी अभियान से कई अवैध खनन करने वाले लोगों में हड़कंप मच गया है।

### डीएवी स्कूल के 16 विद्यार्थियों ने जेई एडवांस के लिए किया क्वालिफाई

**गुमला।** डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला के विद्यार्थियों ने जेइइ मेंस की परीक्षा में पुनः एक बार विद्यालय का परचम लहराया है। विद्यालय के 16 विद्यार्थियों ने जेइइ एडवांस के लिए क्वालिफाई किया है। विद्यालय प्रधानाचार्य डा रमाकांत साहू ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय में प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए अतिरिक्त कक्षाओं की व्यवस्था तथा लगातार प्रयास के कारण यह सुखद परिणाम प्राप्त हुआ है। विद्यालय के प्रिंस राज भगत, निखिल राज, रमन प्रसाद ,अभिषेक राज, अथर्व जायसवाल, आतिफ नवाब, कशिश कुमारी,जय कुमार, पीयूष राज, अविनाश लकड़ा, रिहांद मिंज,आयुष कुमार,सलिल लकड़ा, अभय भगत,अंजली कुमारी,निशांत उराँव ने जेइइ एडवांस के लिए क्वालिफाई किया है। प्रधानाचार्य ने इस उपलब्धि का श्रेय अभिभावकों के सहयोग, विद्यार्थियों की मेहनत एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया है।

## एक नजर में

### बेंदोरा पंचायत में स्वास्थ्य प्रशिक्षण शिविर आयोजित

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड के बेंदोरा पंचायत में फिया फाउन्डेशन के द्वारा स्वास्थ्य प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस क्रम में गांव में स्वास्थ्य संबंधित मुद्दों एवं समस्याओं पर चर्चा किया गया। मौके पर फिया फाउन्डेशन की सदस्य उषा सरिता मिंज ने उपस्थित लोगों को बताया कि हम अपने गांव में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं कैसे बहाल करें इसके लिए हमें समिति बनाकर कार्य करना होगा। बहुत से गांव में चापाकल खराब है। लोग मलेरिया, टीवी, बल्ड प्रेशर जैसी बीमारियों से परेशान हैं। गांव में ममता वाहन समय पर नहीं पंहुचता है। इन सभी समस्याओं पर हमें साथ मिलकर काम करना होगा। तभी हमारा गांव स्वच्छ और स्वस्थ रहेगा।शिविर में मुख्य रूप से फिया फाउन्डेशन के सदस्य नीलम एक्का,ल्ले सेलेस्टिना तिर्की,वार्ड सदस्य जगेश्वर बडा,सरोज देवी, तारामणि देवी सहित सभी सहिया एवं जल सहिया मौजूद थे।

### कसीरा में नेत्र सह स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**गुमला।** बाबा भगवान राम ट्रस्ट ब्रह्मनिष्ठालय आश्रम जशपुर सोगड़ा व सर्वेश्वरी प्रार्थना गृह गुमला के संयुक्त तत्वावधान में रविवार स्व. एसएन साहू मेमोरियल स्कूल कसीरा परिसर में नेत्र जांच सह स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कई नेत्र रोगियों के बीच चश्मे का वितरण किया गया। शिविर का उदघान ट्रस्ट के अध्यक्ष पूज्यपाद गुरुपद सम्भव राम जी द्वारा परमपूज्य अघोरेश्वर भगवान राम के चित्र पर पूजन आरती के प्रश्चात नारियल फोड़ कर किया गया। जहां पर करीब 872 मरीजो का जांच कर मरीजो को नि:शुल्क दवा दिया गया और करीब 338 मरीजों को चश्मा दिया गया। इस अवसर पर जिला परिषद की उपाध्यक्ष संयुक्ता देवी ने कसीरा में शिविर का अयोजन करने के लिए बाबा भगवान राम ब्रह्मनिष्ठालय सोगड़ा आश्रम और सर्वेश्वरी प्रार्थना गृह गुमला परिवार का आभार प्रकट किया।

### गार्डवाल निर्माण से जनता को होगी सुविधा : आलोक साहू

**लोहरदगा।** जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष आलोक कुमार साहू कांग्रेसियों के साथ भंडरा प्रखंड के ग्राम उदरंगी पहुंचकर वहां के ग्रामीणों से रूबरू हुए। श्री साहू ने ग्रामीणों को बताया कि इस गांव की सबसे मुख्य समस्या उदरंगी बड़ा तालाब में गार्डवाल निर्माण का था जिसकी स्वीकृति मिल गई है। जल्द ही इसका निर्माण कार्य प्रारंभ हो जाएगा। श्री साहू ने कहा कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान उदरंगी गांव आते थे तो ग्रामीणों का कहना था कि बड़ा तालाब में गार्डवाल नहीं होने के कारण वर्षा के मौसम में मिट्टी के कटाव के कारण रास्ता काफी संकीर्ण हो गया है जिसके कारण वर्षा के मौसम में चार चक्का गाड़ी का आवागमन ठप हो जाता है। अब गार्डवाल निर्माण हो जाने के बाद लोगों को आवागमन में काफी सुविधा होगी।

### झाड़-फूंक के चक्कर में गर्भवती की हुई मौत

**गुमला।** समय पर इलाज नहीं कराने व अंधविश्वास में कई दिनों तक झाड़ फूंक कराने के कारण पालकोट थाना क्षेत्र के तपकरा गांव निवासी 21 वर्षीय गर्भवती महिला करीना देवी की रविवार को मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार महिला की तबीयत शनिवार को अचानक खराब हुआ तो परिजन उसे पालकोट स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करायें। जहां से चिकित्सकों ने गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया। रविवार को महिला को लगभग डेढ़ बजे गुमला सदर अस्पताल लाया गया। जहां डाक्टरों ने जांच के बाद महिला की स्थिति गंभीर पाया। गर्भवती के शरीर में खून की भी कमी थी। लगभग 3 :30 बजे इलाज के दौरान गर्भवती की मौत हो गई।

### साइबर अपराधियों ने दो महिलाओं से ठगे पचास हजार

**गुमला।** साइबर अपराधियों ने दो महिलाओं को ठगी का शिकार बनाते हुए उनके खाते से करीब 50 हजार रुपये की निकासी कर ली। दोनों महिलाओं को स्वास्थ्य विभाग के नाम पर ठगी का शिकार बनाया गया है। महिलाओं ने मामले को लेकर गुमला थाना में लिखित शिकायत दर्ज करायी है। दोनों ही महिला गुमला के चेटर की रहने वाली है। चेटर निवासी मोनिका मिंज पति टिकेश्वर गोप को सदर अस्पताल गुमला के नाम पर कॉल कर कहा गया कि पुत्र का जन्म प्रमाण पत्र नहीं लिये हैं। अभी भेज देते हैं। कॉल करने वाले ने सहिया, सेविका व सहायिका का नाम भी बताया। जिसके बाद जन्म प्रमाण पत्र भेजकर सात बार डाउनलोड कराया और ओटीपी भी मांगा। मुझे विश्वास में रखकर झांसा देते हुए मेरे इंडियन बैंक के एकाउंट से 32 हजार 855 रूपया गायब कर दिये। वहीं चेटर के ही पुष्पा कुमारी पति उगेंद्र सिंह से भी साइबर अपराधियों ने 19 हजार 506 रूपये की ठगी कर ली। पुष्पा को आंगनबाड़ी केंद्र से डिलेवरी का पैसा मिलने वाला था। अमित शर्मा नामक व्यक्ति के द्वारा पुष्पा को फोन कर राशि भेजने की बात कही गई। जिसको लेकर पुष्पा से एकाउंट डिटेल लेकर एक रूपया की राशि फोन पे किया गया। फिर दो रूपया उसने भेजा और उसके बाद फोन पे पर नोटिफिकेशन भेजा और आये हुए कोड को भेजने की बात कही और यूपीआई पासवर्ड डालने की बात कही। पासवर्ड डालते ही मेरे एकाउंट से 19 हजार 506 रूपये गायब हो गये।

### पतंजलि भारत स्वाभिमान न्यास लोहरदगा की बैठक संपन्न

**लोहरदगा।** पतंजलि परिवार लोहरदगा की मासिक बैठक स्थानीय सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता पतंजलि भारत स्वाभिमान न्यास लोहरदगा के जिला प्रभारी प्रवीण भारती ने की। बैठक में कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा परिचर्चा की गई।मौके पर जिला मुख्यालय क्षेत्र व प्रखंडों में योग शिविर आयोजित करने, विद्यालयों में योग प्रोटोकाल के तहत कराने, सभी योग शिक्षकों को कार्यक्षेत्र आवंटित किए जाने, सभी नव योग प्रशिक्षुओं को सात दिवसीय योग शिविर आयोजित करने आदि विषयों पर विस्तारपूर्वक विचार विमर्श किया गया। बैठक में भारत स्वाभिमान न्यास के जिला प्रभारी प्रवीण भारती, पतंजलि राज्य कार्यकारिणी सदस्य शिव शंकर सिंह, वनवासी कल्याण आश्रम के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कृपा प्रसाद सिंह, पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी अभय भारती, सतीश जायसवाल आदि ने अपने अपने विचार प्रकट किए। बैठक में मंजू जायसवाल, किरण कुमारी, मुन्नी मिंज, सौरभ केसरी, प्रदीप कुमार, विजय कुमार जायसवाल, कृष्णा राम, कोषाध्यक्ष दिनेश प्रजापति, उत्तम कुमार, महेंद्र प्रसाद साहू, शिवराज विजय महतो आदि मौजूद थे।

# लव जिहाद, लैंड जिहाद का हो रहा खेल : जय श्रीराम समिति


बैठक में उपस्थित लोग।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कुडू।** प्रखंड क्षेत्र के मराडीह गांव में जय श्री राम समिति की बैठक दीपक साहू की अध्यक्षता में की गई। आयोजित बैठक में जिला कार्यकारी अध्यक्ष ओम महतो, जिला सह कोषाध्यक्ष विनोद प्रसाद, नगर अध्यक्ष दीपक साहू, कार्यकारी अध्यक्ष राहुल कुमार,महामंत्री संजय पासवान उपस्थित थे।

बैठक में मुख्य रूप से संगठन विस्तार को लेकर विशेष चर्चा की गई जिसमें सर्वसम्मति से कमेटी का विस्तार किया गया। इसमें अध्यक्ष सूरज भारती ,कार्यकारी अध्यक्ष दीपेन्द्र दीपू भारती, महामंत्री अकाश कुमार, उपाध्यक्ष जय प्रकाश उरांव, जगजीत भारती, अकाश भारती, कोषाध्यक्ष धीरज कुमार, संगठन मंत्री कार्तिक उरांव, प्रसून भारती, रामायण विश्वकर्मा, शिवम भारती, सौरभ भारती, रोशन कुमार, मीडिया प्रभारी आलोक रंजन को बनाया गया। इस अवसर पर दीपक साहू ने कहा लव जिहाद एवं धर्मांतरण का पूरे हिंदुस्तान में ऐसा खेल हो रहा है, जो दीमक की तरह सनातन समाज को मिटाने का काम कर रही है। ऐसे गंभीर मुद्दों पर केंद्र सरकार को संज्ञान लेनी चाहिए, अन्यथा समिति आंदोलन के लिए बाध्य होगी। संजय पासवान ने कहा सनातन समाज को हमेशा से जाति और जातीयता में बाटने का कार्य किया गया है ऐसे लोगों को पहचानने की आवश्यकता है। जो बरसाती मेंढक की तरह समय-समय पर खुद को हिंदू बताने का कार्य करते है। जय प्रकाश उरांव ने कहा सरना समाज हमेसा से उपेक्षित रहा है। ना गरीबी गई ना दुख दर्द गया। आदिवासी समाज की लड़कियों को लव जिहाद, लैंड जिहाद तथा राजनीतिक कारणों से बहुत ही आसानी से ले जा रहे हैं। यह षड्यंत्र का हिस्सा है और समाज के अगुआ चुप बैठे है। बैठक के पश्चात भव्य महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें पूरे गांव के लोग शामिल हुए।

# पीएम के 'मन की बात' कार्यक्रम के 100वें एपिसोड से उत्साहित दिखे भाजपा नेता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लोकप्रिय संवाद कार्यक्रम मन की बात का ऐतिहासिक 100 वां एपिसोड गुमला जिला के तमाम भाजपा कार्यकताओं के लिए उत्सव का दिन रहा। जहां जिले के सभी मंडलों में मन की बात कार्यक्रम का सामूहिक रूप से आयोजन हुआ।

नगर क्षेत्र वार्ड नंबर 15 बूथ संख्या 229 में वरिष्ठ भाजपा नेता दामोदर कसेरा की अगवाई में पुराना नगरपालिका के समीप स्टॉल लगाकर मन की बात कार्यक्रम का आयोजन हुआ । वहां मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष अनूप चंद अधिकारी उपस्थित हुए। नगर में उत्कल पोइट में जिला उपाध्यक्ष सुजीत नंदा चितरंजन मिश्रा, 65 बूथ संख्या में उपाध्यक्ष संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में जिला ग्रामीण मंडल में कार्यक्रम आयोजित हुआ। वहीं बूथ संख्या 220- 221 ओबीसी मोर्चा की जिला अध्यक्ष राधेश्याम कुशवाहा, शंभू सिंह,अजीत विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहे।

वहीं, शहर के लूथरन स्कूल में प्रदेश मंत्री मुनेश्वर साहू, आफताब आलम लाडले, भूपन साहू,सागर उरांव, कृष्णकांत मिश्र,संग बच्चों ने कार्यक्रम में भाग लिया। स्टार


मन की बात कार्यक्रम को सुनते भाजपा नेता।


मन की बात कार्यक्रम को सुनते स्टार डीपीएस स्कूल के बच्चे।

डीपीएस गुमला के निर्देशक संदीप कुमार के नेतृत्व में सैकड़ों छात्र-छात्राएं शिक्षक के द्वारा भव्य कार्यक्रम रखा गया। इस अवसर पर भाजपा गुमला नगर मंडल के अध्यक्ष बालकेश्वर सिंह और बहुत से प्रबुद्धजन उपस्थित थे। सभी को अपने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी पर गर्व महसूस हो रही थी। उनके एक एक बात को लोग बड़े ध्यान से आत्मसात कर रहे थे। मौके पर जिला अध्यक्ष अनुपचंद्र अधिकारी ने मोदी जी के मन की बात को जन आंदोलन का स्वरुप बताया जो हर साल नहीं हर महीने आता है। जहां मोदी जी द्वारा स्वच्छता, प्रकृति का संरक्षण, सामाजिक बदलाव समाज में बेटियों का स्थान मन की बात से पूरा हुआ है। इस अवसर पर जिला कोषाध्यक्ष निर्मल गोयल, विनोद कुमार, महिला नेत्री शकुंतला उराव मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# आत्मरक्षा व अनुशासन सिखाने की कला है ताइक्वांडो : एसडीपीओ

## गुमला जिला ताइक्वांडो संघ ने ग्रेडिंग एवं प्रशिक्षण शिविर का किया आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** गुमला जिला ताइक्वांडो संघ के तत्वावधान में रविवार को एक दिवसीय ताइक्वांडो ग्रेडिंग एवं प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसडीपीओ गुमला मनीष चंद्र लाल, भाजपा गुमला जिलाध्यक्ष अनूप चंद्र अधिकारी, वरिष्ठ अधिवक्ता एनएमपी श्रीवास्तव, श्री कृष्ण कुमार एवं विशिष्ट अतिथि झारखंड जीत कुनेडो मार्शल आर्ट एसोसिएशन के प्रेसिडेंट गुलाम अब्दुल कादिर एवं जनरल सेक्रेटरी विश्वजीत कर्मकार तथा मुख्य प्रशिक्षक शशि गोप थे।

अतिथियों का गुमला जिला ताइक्वांडो संघ की मुख्य प्रशिक्षका बालमुनी, अध्यक्ष श्री अखिल


कार्यक्रम में बच्चों के साथ अतिथि।

कुमार, उपाध्यक्ष श्रीमती अर्पिता भट्टाचार्य, सचिव श्री अभिजीत झा ने स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मौके पर एसडीपीओ श्री मनीष चंद्र लाल ने कहा कि ताइक्वांडो एक मार्शल आर्ट है। यह आत्मरक्षा एवं अनुशासन सिखाने की एक कला है और बच्चों का प्रदर्शन काबिलेतारीफ है। अब्दुल कादिर ने मुख्य अतिथि को धन्यवाद देते हुए कहा कि विद्यार्थी निरंतर इसका अभ्यास करें ताकि भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करें।

विश्वजीत कर्मकार ने कहा कि गुमला ज़िले में टैलेंट की कमी नहीं है। श्रीमती बालमुनी ने कार्यक्रम की सफलता का श्रेय विद्यार्थियों के परिश्रम एवं अभिभावकों के सहयोग को दिया। इससे पूर्व गुमला ज़िला ताइक्वांडो संघ के खिलाड़ियों ने प्रभातफेरी निकाली जो नगर के मुख्य मार्गों से होकर गुजरी। खिलाड़ियों के मध्य मैच एवं ग्रेडिंग आयोजित की गई। जिसमें लगभग 50 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिला स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में अभिषेक गोप ने प्रथम, अक्षत कुमार सोनी ने द्वितीय,आदेश कुमार ने प्रथम, अभिराज ठाकुर ने द्वितीय, दर्शित शौर्य ने प्रथम, नव्या नवनीत ने द्वितीय, एंजेल किंडो ने प्रथम, आनवी कुमारी ने द्वितीय, सार्थक अधिकारी ने प्रथम, आर्यन कुमार सोनी ने द्वितीय, श्रेयश सौर्या ने तृतीय,ताशा झा ने प्रथम, मेघा तिर्की ने द्वितीय, संतोषी कुमारी ने तृतीय,मेथी कुमारी ने प्रथम,आरती एक्का ने द्वितीय,तनु कुमारी ने प्रथम,गौरी कुमारी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। जमशेदपुर में आयोजित राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# स्वस्थ रहना ही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है : डॉ अंजलि सुमन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के परिसर मे लगातार 45 वें सप्ताह के रविवार को सुबह 7:30 बजे से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगाया गया। मौके पर रांची से आए महिला एवं दंत विशेषज्ञ डॉ अंजली सुमन, डॉ कुमुद अग्रवाल एवं जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 46 लोगों ने अपना स्वास्थ्य जांच एवं इलाज कराया। मौके पर दीपक सर्राफ एवं डॉ कुमुद अग्रवाल ने डॉ अंजली सुमन को भागवत गीता व


जांच शिविर का शुभारंभ करते अतिथि।

सेवा भारती की पुस्तिका देकर सम्मानित किया। डॉ अंजलि सुमन ने कहा कि स्वास्थ्य रहना ही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। सुबह-सुबह शारीरिक व्यायाम एवं योग से भी बहुत सी बीमारियों से छुटकारा मिल सकता है। हर व्यक्ति को नियमित रूप से अपने स्वास्थ्य की जांच कराते रहना चाहिए। समाजसेवी दीपक सर्राफ ने हमें दूसरी बार शिविर में बुलाकर सेवा करने का मौका दिया और इनके द्वारा प्रत्येक सप्ताह यह स्वास्थ्य शिविर लगाकर निःशुल्क सेवा करना काफी प्रशंसनीय है। इस शिविरमें शुगर, बीपी, ऑक्सीजन लेबल, वजन, हार्ट बीट आदि की जांच की सुविधा भी दी जाती है। मौके पर सहसचिव संजय चौधरी, शशि भूषण सिंह,रामजतन साहू, अनिल प्रजापति, मीरा मोदक, दिनेश कुमार मोदक, मनोज साहू आदि मौजूद थे।

# बहुत दिनों से चल रहे अवैध खनन पर हुई कार्रवाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** वन्यप्राणी क्षेत्र अंतर्गत ढोढाकोला के घ्महगजो जंगल स्थित पुराने माइंस में ढिबरा के अवैध खनन की सूचना पर घ्शनिवार को छापेमारी की गई। यहघ् छापेमारी जिला टास्क फोर्स की ओर से अश्रयणी के डीएफओ अवनीश चौधरी के नेतृत्व हुई। यहां से एक जेसीबी वह एक कंप्रेशर लगा हुआ ट्रैक्टर सहित दो अन्य ट्रैक्टर को जब्त किया गया।

जब्त वाहनों को कोडरमा रेंज कार्यालय परिसर लाया गया। अवैध उत्खनन को लेकर फिलहाल जिन 2 लोगों को नामजद किया गया है। इसमें ढोढाकोला निवासी नौशाद आलम व मंसूर मियां शामिल हैं।

जब्त जेसीबी भी इन्हीं दोनों की है। छापेमारी की सूचना पर वहां अवैध खनन में शामिल सभी लोग मौका देख फरार हो गए। जेसीबी व दो ट्रैक्टर को भी खनन स्थल से लगभग एक किलोमीटर दूर जंगल में छिपा दिया था।

उसके कुछ पार्ट भी खोल दिए गए थे। टीम को इसकी सूचना होने पर छिपाए गए जेसीबी व दो ट्रैक्टर को भी वहां से जब्त कर लाया गया। इन जब्त वाहनों को टीम के साथ गई मैकेनिक ने मरम्मत की। डीएफओ अवनीश चौधरी के अलावा एसडीओ संदीप कुमार, एसडीपीओ प्रवीण पुष्कर, रेंजर रामबाबू कुमार व काफी संख्या में पुलिस के जवान के अलावे कोडरमा, चौपारण, हजारीबाग रेंज के लगभग 70 वन कर्मीघ् भी शामिल थे। यह अभियान सुबह 7 बजे से लेकर लगभग एक बजे तक चलाया गया।

जानकारी के अनुसार अवैध खनन के लिए जंगल के बड़े भू-भाग में लगभगघ् 20 फीट गड्ढे बना दिए गए थे।

## लाभुकों के मध्य परिसंपत्ति का वितरण



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के द्वारा लोकाई स्थित गव्य विकास विभाग (मेधा डायरी) के प्रांगण में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना 2023 के तहत चयनित लाभुकों के मध्य परिसंपत्ति (पशु) वितरण मेला का आयोजन किया गया। उपायुक्त आदित्य रंजन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

## फल व्यवसायी का शव रेलवे ट्रैक से बरामद

**चंदवारा (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत पिपराडीह रेलवे स्टेशन के समीप फल व्यवसायी 38 वर्षीय बबलू मोदी पिता रामचंद्र मोदी जयनगर निवासी का शव बरामद हुआ है। मृतक भाड़े के मकान में रहकर फल का दुकान चलाता था। स्थानीय लोगों के अनुसार रात करीब 10:30 बजे उसे फोन कर बाहर बुलाया गया था, जिसके बाद वह घर से निकल कर बाहर गया था और आज सुबह उसका शव रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला। मिली जानकारी के अनुसार रेलवेमैन के द्वारा रात में ही चंदवारा थाना को सूचना देने के बाद भी पुलिस रात में घटना स्थल पर नहीं पहुंची। घटना की सूचना पाकर केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी भी वहां पहुंची और परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दिया।

## कई बड़े सकारात्मक बदलाव का उत्प्रेरक बना है प्रधानमंत्री का मन की बात कार्यक्रम : अन्नपूर्णा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का मन की बात कार्यक्रम भारत में कई बड़े सकारात्मक बदलाव का उत्प्रेरक बना है। मन की बात कार्यक्रम भारत के प्रधान सेवक को देश के जन जन और कण कण से सीधे जोड़ता है।

इस कार्यक्रम के कारण देश के प्रधानमंत्री देश के हर नागरिक से सीधा आत्मीय संवाद होता है, इसलिए इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री जी के द्वारा किया गया हर आह्वान पूरे देश के लिए एक अभियान, एक आंदोलन बन जाता है। कोरोनाकाल में सावधानी बरतने और पीड़ित लोगों की मदद, स्वच्छता अभियान, हर घर तिरंगा, खादी अपनाना, घरेलू खिलौनों का प्रयोग और इस उद्योग को प्रोत्साहन, आत्मनिर्भर भारत जैसे कई उदाहरण हमारे सामने हैं। वहीं अन्नपूर्णा देवी ने बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत चंदवारा प्रखंड में अवस्थित तिलैया डैम लेडीज क्लब मैदान में कांटी पंचायत के बूथ संख्या 25 पर प्रधानमंत्री जी के मन की बात कार्यक्रम के 100वां संस्करण का श्रवण कर रही थीं।



केंद्रीय मंत्री के साथ क्षेत्र के नागरिक, बुद्धिजीवी, छात्र, महिलाएं आदि सहित करीब 1000 से ज्यादा लोगों ने मन की बात कार्यक्रम को सुना।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 100वें एपिसोड ने रचा नया इतिहास

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** भारतीय जनता पार्टी कोडरमा जिला के सभी मंडलों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की मन की बात का 100वां एपिसोड 30 अप्रैल 2023 को नया इतिहास रचा। स्थानीय काली मंदिर स्टेशन रोड में मुख्य रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सीधा प्रसारण देखा गया। वहीं जिलाध्यक्ष नितेश चंद्रवंशी ने कहा की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के मन की बात का 100वां संस्करण दुनिया का सबसे ज्यादा लोगों द्वारा सुना जानेवाला रेडियो ब्रडकास्ट बना है। प्रधानमंत्री जी द्वारा मन की बात कार्यक्रम की शुरुआत 3 अक्टूबर 2014 को हुई थी। मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण 52 भाषाओं एवं बोलियों में होता है, जिनमें 11 विदेशी भाषायें भी शामिल हैं।

वहीं महामंत्री अनूप जोशी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी मन की बात दुनिया का इकलौता रेडियो प्रोग्राम है, जिसके माध्यम से राष्ट्र का कार्यकारी प्रमुख हर महीने जनता से सीधा संवाद करते है।



इसीलिए प्रधानमंत्री जी के मन की बात देश के जन-जन और कण-कण की बात बन गई है। कोडरमा जिले में नेता एवं कार्यकर्ताओं ने लगभग 70, 80 स्थानों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की मन कि बात का सीधा प्रसारण देखा एवं सुना। मौके पर रमेश सिंह, रामचंद्र सिंह, रवि मोदी, वीरेंद्र सिंह, प्रकाश राम, अनुप जोशी, राजकुमार यादव, शिवेंद्र नारायण सिन्हा, देवनारायण मोदी, जूही दासगुप्ता, जयप्रकाश राम, शिवलाल सिंह, सुधीर सिंह, शशि भूषण प्रसाद, बैजनाथ यादव, कांति देवी, महेंद्र यादव, चंद्रशेखर जोशी, मनोज कुमार झुन्नु, आकाश वर्मा, पिंटू भारती, प्रवीण पांडे, सुभाष मोदी, राजेश सिन्हा, दिनेश सिंह, विजय यादव, नरेंद्र पाल, द्वारिका राणा, रामदेव मोदी, शशि भूषण चौधरी, महेश वर्मा, जयशंकर प्रसाद, मुकेश राम, सुरेंद्र यादव, संजय शर्मा, इंद्रदेव बर्णवाल, अजय झा, सूरज प्रताप मेहता, महेंद्र वर्मा, गोपाल कुमार गुतुल, कामिनी देवी, सविता देवी, कविता देवी, रीता लोहानी, रेखा भदानी, पुष्पा वर्मा, मधु देवी, बिंदु देवी, सुमित्रा देवी, रीमा देवी, पूजा देवी, सुमित चंद्रवंशी, दिनेश मिश्रा, रोहित जायसवाल, पियुष सहल, ओमप्रकाश ब्रहपुरिया, भोला यादव, विजय राम, राजेश वर्मा, सुधीर सेठ, निरंजन कसेरा, मदनमोहन गुप्ता, तेजो यादव आदि सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम को देखा एवं सुना।

## जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने कार्यकर्ताओं के साथ सुनी 'मन की बात'



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कान्हाचट्टी (चतरा)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र के रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का रविवार को 100वां संस्करण प्रसारित किया गया। 'मन की बात' को सुनने के लिए कान्हाचट्टी शायल बगीचा में भाजपा द्वारा खास तैयारी की गई थी। जहां जिप उपाध्यक्ष सह भाजपा नेता बिरजू तिवारी ने कार्यकताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 100वें 'मन की बात' सुना। इस मौके पर उपप्रमुख सुमन सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष सतीश सिंह, महामंत्री शंकर दयाल सिंह, महेंद्र सिंह, संतोष वर्मा, प्रिंस केसरी, कमांडो रजक, माइकल गोस्वामी, नवल सिन्हा, महिला मोर्चा रिंकू देवी, नीलम देवी, अवधेश सिंह, बच्चु सिंह, रंजीत राम, राजेश रोशन ,नरेश सिंह ,विजय सिंह, अलावे कई हजारों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## मन की बात के 100वें संस्करण को सिमरिया विधायक ने सुना



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** भारतीय जनता पार्टी टंडवा मंडल अंतर्गत टंडवा के बूथ नंबर 384 में सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना, इस सुखद अवसर पर विधायक के साथ भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता व कई ग्रामीण भी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम के निमित्त पूछे जाने पर विधायक किशुन कुमार दास ने कहा कि यह मेरे लिए आज का दिन एक सुखद पल है कि मैं जिस विद्यालय से पढ़कर आज जनता के सहयोग से विधायक के रुप में हूं..आज उसी विद्यालय में प्रधानमंत्री के संबोधन को मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से सुना। कार्यक्रम में भाजपा चतरा जिला महामंत्री मिथिलेश कुमार गुप्ता, अनुग्रह नारायण सिंह, जय मंगल देव नायक, बबलू गुप्ता, जितेंद्र नायक, विकास कुमार मालाकार, संतोष प्रसाद गुप्ता, बंधु प्रसाद गुप्ता, रंजन सिंहा, आनंद गुप्ता, राजेंद्र नायक, प्रदीप नायक, अनिल पासवान, बबलू सोनी, जगदीश महतो, महेंद्र महतो, मोहम्मद राजा, छठ महतो, अजय गुप्ता, मनोज यादव आदि कई ग्रामीण उपस्थित थे। ज्ञात है कि टंडवा मंडल अंतर्गत 13 बूथों पर मन की बात कार्यक्रम प्रभारी के नेतृत्व में सुना गया। 323 रामेश्वर राणा, 333 शिव प्रसाद गुप्ता, 336 रामचंद्र प्रसाद गुप्ता, 344 प्रमोद कुमार सिंह, 351 ईश्वर दयाल पांडे,356 गोविंद तिवारी, 362 गणेश प्रसाद साहू, 372 मिथिलेश कुमार गुप्ता,379 सुनील चौरसिया, 384 किशुन कुमार दास, 387 अक्षयवट पांडे, 393 रामेश्वर विश्वकर्मा 399 विजय चौबे आदि कई बूथों पर मन की बात कार्यक्रम को सुना गया।

## भाजपाइयों ने सुना मन की बात कार्यक्रम का 100वां संस्करण



**कुंदा (चतरा)।** रविवार को भारतीय जनता पार्टी कार्यकताओं ने हनुमान मंदिर परिसर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का 100 वें एपिसोड एवं संस्करण को टीवी चैनल लाइव टेलीकास्ट देखा और सुना इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष अनिता कुमारी भाजयुमो प्रखंड अध्यक्ष जितेंद्र कुमार यादव बसंत यादव लव कुश कुमार गुप्ता प्रमोद कुमार गुप्ता अनुज कुमार गुप्ता गणेश सिंह भोक्ता समय सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल होकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन को सुने।

# किसी भी परिस्थिति में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण बर्दाश्त नहीं : उपायुक्त

### चतरा जिले में अवैध खनन के खिलाफ चला संयुक्त अभियान, दर्जनों वाहन एंव क्रशर पर हुई एफआइआर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** बीते 29 अप्रैल को जिले भर में अवैध उत्खनन के विरूद्ध संयुक्त जांच अभियान चलाया गया। अभियान के क्रम में दर्जन से अधिक वाहन किया गया जब्त। सम्बंधित थानों में सभी पर की गई आवशयक कानूनी करवाई। अभियान के क्रम में अवैध रूप से संचालित 07 क्रेशर को किया गया ध्वस्त एवं संचालक के ऊपर हुआ प्राथमिकी दर्ज। किसी भी परिस्थिति में अवैध खनन परिवहन एवं भंडारण बर्दास्त नहीं। उक्त जानकारी उपायुक्त अबु इमरान ने दी। उपायुक्त श्री इमरान ने जिला खनन पदाधिकारी को निरंतर जांच अभियान जारी रखने का दिया निदेर्शा। डीसी के आदेशानुसार जिले भर में अवैध उत्खनन के विरूद्ध संयुक्त जांच अभियान चलाया गया। डीएमओ गोपाल दास के द्वारा प्रस्तु रिपोर्ट के अनुसार अनुमंडल पदाधिकारी, सिमरिया, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सिमरिया, अंचल अधिकारी सिमरिया व थाना प्रभारी सिमरिया के द्वारा संयुक्त जांच अभियान के क्रम में माईनिंग से संबंधित संदिग्ध कागजात के आरोप में 01 कोयला लदा ट्रक जप्त कर सिमरिया थाना को सौंपा गया है। दोषी के विरूद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

अवैध बालू लदा 03 ट्रैक्टर जब्त किया गया। सिमरिया प्रखंड क्षेत्र में अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी टण्डवा, अंचल अधिकारी टण्डवा व थाना प्रभारी टण्डवा के द्वारा संयुक्त जांच अभियान के क्रम में अवैध उत्खनन के आरोप में बालू लदा हुआ 04 ट्रैक्टर जब्त किया गया। गिद्धौर प्रखंड क्षेत्र में अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सिमरिया, अंचल अधिकारी गिद्धौर व थाना प्रभारी गिद्धौर के द्वारा संयुक्त जांच अभियान के क्रम में अवैध उत्खनन के आरोप में बालू लदा हुआ 03 ट्रैक्टर जब्त किया गया।अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सिमरिया, अंचल अधिकारी पत्थलगड़ा व थाना प्रभारी पत्थलगड़ा के द्वारा संयुक्त जांच अभियान के क्रम में अवैध उत्खनन के आरोप में बालू लदा हुआ 01 ट्रैक्टर जब्त किया गया। अंचल अधिकारी ईटखोरी व थाना प्रभारी ईटखोरी के द्वारा संयुक्त जांच अभियान के क्रम में अवैध उत्खनन के आरोप में बालू लदा हुआ 03 ट्रैक्टर जब्त किया गया।चतरा प्रखंड क्षेत्र में जिला परिवहन पदाधिकारी, चतरा द्वारा कुल तीन हाइवा ट्रक बगैर वैद्य ई-चालान व माईनिंग चालान के परिचालन कर ने के आरोप में वाहन को जप्त को जब्त किया गया। अनुमंडल पदाधिकारी चतरा, जिला खनन पदाधिकारी चतरा व स्थानीय पुलिस बल के साथ संयुक्त जांच अभियान के क्रम में चतरा सदर थानान्तर्गत ग्राम सिन्दुआरी लीलाजन नदी में एक ट्रैक्टर में अवैध बालू उठाव करते हुए देखा गया। स्थल पर पहुंचते हीं अवैध बालू उठावकर्ता वाहन छोड़कर फरार हो गया। ट्रैक्टर को खनिज सहित जब्त करते हुए परिवहनकर्ता, मालिक व चालक के विरूद्ध सदर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गयी है। अनुमंडल पदाधिकारी चतरा, जिला खनन पदाधिकारी चतरा व स्थानीय पुलिस बल के साथ किए गए औचक निरीक्षण के क्रम में वशिष्टनगर थानान्तर्गत चतरा-जोरी मुख्य मार्ग के किनारे ग्राम करैलीवार नीलाजन नदी बालू घाट पर दो ट्रैक्टरों को अवैध रूप से बालू को लोड करते हुए देखा गया। जांच दल को देखते ही बालू उठावकर्ता वाहन एवं बालू उठाव में प्रयुक्त उपकरण को नदी स्थल पर छोड़कर भाग गये । जांच दल द्वारा दोनों ट्रैक्टर को जब्त कर अवैध परिवहनकर्ता, वाहन मालिक एवं चालक के विरूद्ध स्थानीय थाना में प्राथमिकी दर्ज की गयी है। अनुमंडल पदाधिकारी चतरा, जिला खनन पदाधिकारी चतरा व स्थानीय पुलिस बल के द्वारा संयुक्त रूप से प्रतापपुर थानान्तर्गत मौजा लोधिया में औचक निरीक्षण किया गया । पाया गया कि पूर्व में निबंधित अनुज्ञप्ति, जिसमें अनियमितता पाये जाने पर प्राथमिकी दर्ज एवं अनुज्ञप्ति रद्द किए जाने के बावजूद संचालकों के द्वारा चोरी-छिपे क्रसर संचालन किए जाने पर 07 क्रेशर ईकाईयों को ध्वस्त की गई। सभी क्रेशर संचालको के विरूद्ध प्रतापपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। जांच के दौरान बिना ई-परिवहन परिचालन लगभग 100 - 100 घनफुट बालू लदे परिवहन कर रहे दो ट्रैक्टर को जब्त कर स्थानीय थाना में दोषी के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज की गयी है। इस प्रकार अवैध रूप से संचालित सभी ट्रैक्टरों एंव आपूर्तिकताओं के विरूद्ध सम्बंधित थानों में मामला दर्ज कर आवशयक करवाई की जा रही है।



## एक नजर में

### मंत्री सत्यानंद ने बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये

**कान्हाचट्टी।** प्रखंड स्थित सीताराम शायल बगीचा में आयोजित डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती में भाग लेने पहुंचे राज्य का श्रम नियोजन मंत्री सत्यानंद भोक्ता। सबसे पहले श्रम नियोजन मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित किए, इन्होंने आगे कहा कि जिन्होंने भारत में छुआछुत और सामाजिक असमानता के उन्मूलन के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उनका मानना था कि छुआछूत को हटाए बिना राष्ट्र की प्रगति नहीं हो सकती है।

### साईं इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों को दी जायेगी बेहतर शिक्षा : निदेशक

**इटखोरी।** साईं इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल इटखोरी में रविवार को विद्यालय प्रबंधन ने अभिभावकों के साथ बैठक की। बैठक में विद्यालय के प्रबंध निदेशक प्रकाश राम, निदेशक अशोक कुमार, दर्जनों अभिभावक तथा विद्यालय के शिक्षक भी शामिल हुए। बैठक का शुभारंभ दीप प्रज्वलन तथा भारत माता की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित करके किया गया। अपने संबोधन में साईं इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के प्रबंध निदेशक प्रकाश राम ने कहा कि क्षेत्र के लोग उनसे अक्सर यह कहा करते थे कि इस इलाके में एक बेहतर इंग्लिश मीडियम स्कूल की स्थापना होनी चाहिए। क्षेत्र के लोगों की मांग तथा अपने सपने को पूरा करने के लिए साईं इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल की स्थापना की गई।

### कम्युनिटी पुलिसिंग के तहत फुटबॉल मैच का आयोजन

**सिमरिया।** प्रखण्ड के मुरवे खेल मैदान में कम्यूनिटी पुलिसिंग के तहत फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। यह मैच जिला पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन के निदेर्शानुसार कम्यूनिटी पुलिसिंग के तहत सिमरिया थाना द्वारा मुरवे खेल मैदान में मैच आयोजित की गयी। मैच का उद्घाटन इंस्पेक्टर केपी चौधरी और थाना प्रभारी विवेक कुमार ने संयुक्त रूप से किक मार कर किया। खेल को लेकर इंस्पेक्टर केपी चौधरी और थाना प्रभारी विवेक कुमार ने संयुक्त रूप से कहा कि यह खेल का आयोजन कराने का उद्देश्य है कि पुलिस और पब्लिक के बीच आपसी विश्वास बढाने एवं समाज के गुमराह युवको को मुख्य धारा में जोड़ने तथा नवयुवकों में नवचेतना एवं आत्म विश्वास और अनुशासन बढाने के उद्देश्य से जिले के सभी थाना क्षेत्र में यह खेल का आयोजन किया गया है।

### मालगाड़ी की चपेट में आने से युवक घायल

**कोडरमा।** जंक्शन पर रविवार की शाम लगभग 4 बजे मालगाड़ी की चपेट में आने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम वैरागी, थाना डेल्हा, जिला गया बिहार निवासी कारू पासवान पिता राजकुमार पासवान अपने तीन दोस्तों के साथ शादी का कार्ड बांटने के लिए कोडरमा आया हुआ था। वापस अपने घर लौटने के क्रम में कोडरमा जंक्शन पर ट्रैक पार करने के दौरान मालगाड़ी की चपेट में आ गया। जिसमें उक्त युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं घटना के बाद घायल युवक को सदर अस्पताल लाया गया। जहां युवक का इलाज किया जा रहा है।

### शिव-संकट मोचन मंदिर प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ की तैयारी पूर्ण

**डोमचांच (कोडरमा)।** नगर पंचायत के जयनगर रोड स्थित शिव-संकट मोचन मंदिर प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ की तैयारी पूरी हो चुकी है। यज्ञ कार्यक्रम 1 मई से 03 मई 2023 तक चलेगा। वहीं एक मई को जलयात्रा, पंचांग पूजन, मण्डप प्रवेश, वेदी पूजन एवं संध्या आरती, 02 मई 2023 को जलाधिवास, पुष्पाधिवास फलाधिवास, अन्नाधिवास, मिष्ठानाधिवास, शिव परिवार प्रतिमा नगर भ्रमण, सन्ध्या आरती एवं खीर महाप्रसाद का वितरण, 3 मई को प्राण प्रतिष्ठा, हवन, विसर्जन, कन्या-भोजन, ब्राह्मण भोजन एवं खिचड़ी महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा।

### भाकपा माले की प्रखंड इकाई की बैठक संपन्न

**डोमचांच (कोडरमा)।** भाकपा माले प्रखंड कमिटी डोमचांच द्वारा रविवार को ग्राम नवादा में एक बैठक आहूत किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखण्ड सचिव विनोद पाण्डेय ने किया। बैठक में लोकल कमिटी को मजबूत करने, सभी ब्रांच कमिटीयों का गठन करने, मनरेगा योजना, प्रधानमंत्री आवास, राशन किरासन, भूमि विवाद, सहित दाखिल खारिज जैसे ज्वलंत मुद्दे पर 19 मई को बलक पर विशाल प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया। इस दौरान जिला सचिव कमरेड राजेन्द्र मेहता, जिला कमिटी सदस्य भागीरथ सिंह घटवार ने कहा कि, केंद्र की मोदी भाजपा सरकार शिक्षा, रोजगार, बढती महंगाई, बेरोजगारी पर ध्यान न देकर समाज मे नफरत फैलाकर लोगों को अब तक बांटने का काम किया है।

### उपायुक्त ने नगर पंचायत कार्यालय के अधिकारियों के साथ की बैठक, दिये निर्देश

**कोडरमा।** उपायुक्त आदित्य रंजन ने नगर पंचायत डोमचांच कार्यालय का भ्रमण कर कार्यपालक पदाधिकारी व सहायक अभियंता, कनीय अभियंता व अन्य कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक किये। उपायुक्त ने कार्यपालक पदाधिकारी को निर्देश दिये कि दक्षिणी पंचायत में जिन दुकानों की बंदोबस्ती की राशि बकाया है, उन्हें नोटिस जारी करें। वहीं दक्षिणी पंचायत में मार्केट कन्प्लेक्स बनाने के लिए प्रस्ताव तैयार करने को कहा गया। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी अंतर्गत जिन लाभुकों को आवास की राशि प्राप्त हो चुकी है लेकिन आवास नहीं बनाए हैं, उन लाभुकों को आवास बनाने के लिए प्रेरित करने के साथ साथ नोटिस करे।

### तार की चपेट में आने से एक मवेशी की मौत

**मरकच्चो (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत नावाडीह पंचायत स्थित नौका आहर के समीप रविवार को 11 हजार बिजली की तार गिरने से एक मवेशी की मौत हो गई। वहीं मवेशी का मालिक करीम हाजी ने बताया कि रोज की तरह आज भी अपने मवेशी चराने नौका आहर की तरफ लेकर आया था। गाय चरते चरते पहले से गिरा हुवा तार से फस गइ। जिससे गाय की मौके पर ही मौत हो गई। ज्ञात हो कि प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सभी गांव में बिजली तार जर्जर अवस्था में हो गया है, जिससे इस तरह की घटना आए दिन घटते रहती है। वहीं नावाडीह पंचायत की स्थानीय मुखिया बैजन्ती देवी ने बताया कि नावाडीह पंचायत के क्षेत्र में बिजली तार जर्जर हालत में है।

### डायन कुप्रथा को लेकर जागरूकता शिविर का आयोजन

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड क्षेत्र के पंचायतों में सामाजिक कुरीतियों जैसे डायन भुत को दूर करने के उद्देश्य से रविवार को प्रखंड के ग्राम जामु में थाना प्रभारी लव कुमार के नेतृत्व में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में गांव देहातों में डायन बिसाही मामले को लेकर होने वाले झगड़े झंझट में नही पड़ने की सलाह दी गयी। आए दिन महिलाओं के साथ हुए दुर्व्यवहार से संबंधित घटना को लेकर ग्रामीणों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में थाना प्रभारी लव कुमार के द्वारा डायन प्रथा प्रतिरोध अधिनियम एक्ट से संबंधित जानकारी विस्तार से दी गई। वहीं उन्होने उपस्थित ग्रामीणों से ऐसी घटना की पुनरावृति दुबारा ना हो इसकी अपील की।

## स्पीड न्यूज

### दो सड़क दुर्घटना में तीन घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र में रविवार को दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसमें से गंभीर रूप से घायल दो लोगों को प्राथमिक ईलाज के बाद रांची रिम्स रेफर किया गया। पहली घटना में बालूमाथ-चतरा मुख्य मार्ग पर बरनी ग्राम के पास दो बाईक सवारों को एक अनियंत्रित पिकअप ने सामने से टक्कर मार दी। जिससे बाईक सवार पिता और पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों में रामधनी उरांव 40 वर्ष पिता शेरुआ उरांव और रिंकू उरांव 25 वर्ष पिता रामधनी उराँव दोनो ग्राम हिसरी, फुलसु थाना बारियातु निवासी शामिल है। घटना के बाद दोनो घायलों को स्थानीय लोगों के सहयोग से बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉ. सुरेंद्र कुमार की देखरेख में प्राथमिक उपचार के बाद दोनो की गंभीर स्तिथि को देखते हुए बेहतर ईलाज हेतु दोनों को रांची रेफर किया गया। दूसरी घटना बालूमाथ थाना क्षेत्र के गणेशपुर ग्राम के पास घटी जहां एक बाईक सवार अनियंत्रित होकर गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया।

### हिन्दू महासभा के मीडिया प्रभारी बने देवानंद प्रसाद



**महुआडांड़।** स्थानीय दुर्गा बाड़ी परिसर में रविवार को महुआडांड हिन्दू महासभा के अध्यक्ष मनोज जायसवाल की अध्यक्षता में हिन्दू महासभा समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में हिन्दू महासभा के महामंत्री संजय जायसवाल, पंडित सर्वेश पाठक, अंतु साव, बृजमोहन जायसवाल, संतोष गुप्ता, अवधेश जायसवाल, मनोज जायसवाल (किराना), सुनील (मनु) सोनी, प्रशांत सिंह, राजू प्रसाद, संजय राय आदि समेत काफी संख्या में हिन्दू महासभा समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य गण मौजूद थे। बैठक में हिन्दू महासभा के मिडिया प्रभारी के रूप में सर्वसम्मिति से देवानन्द प्रसाद का चयन किया गया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गयी।

### उत्साह से सुनी के मन की बात



मन की बात सुनते भाजपा कार्यकर्ता।

**बरवाडीह।** बरवाडीह और छिपादोहर मंडल के लगभग सभी बूथों पर रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 100वें एपिसोड को भाजपा कार्यकताओं ने बड़े ही उत्साह के साथ सुनने का काम किया। लगभग बूथों पर एलईडी स्क्रीन की व्यवस्था की गई थी। ग्रामीण क्षेत्रों में चौपाल लगाकर कार्यक्रम प्रभारी की उपस्थिति में भाजपाईयों ने पीएम के मन की बात को सुना। बता दें कि मन की बात कार्यक्रम सुबह 11 बजे प्रारंभ हुआ। जहां भाजपा नेताओं ने बताया कि पीएम मोदी के मन की बात को सुनने के लिए हर बूथों पर एलईडी की व्यवस्था की गई थी। समाज के हर वर्ग और तबके से जुड़े आम लोगों ने भी पीएम की बात को बड़े ही ध्यान से सुना। जहां सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस प्रकार से छोटे-छोटे स्थानों के छोटे-छोटे व्यक्तियों के कामों की सराहना की है जिससे हर वर्ग में खुशी देखी गई है। उन्होंने कहा कि यह एक ऐतिहासिक अवसर था, जिसके आज हम सभी साक्षी बने। वहीं अजय सोनी ने बताया कि प्रधानमंत्री ने महिला सशक्तिकरण पर जो बातें रखी। इसे सुनकर महिलाओं ने भी पीएम के कार्यो को सराहा है। बता दें कि बूथ अध्यक्ष, महामंत्री व अन्य पदाधिकारियों द्वारा संगठन एप के माध्यम से कार्यक्रम की ऑनलाइन इंट्री की जाएगी। इसमें संबंधित विधानसभा का नाम, बूथ का क्रमांक, उपस्थिति संख्या, पता, फोटो सहित अन्य जानकारी रिकार्ड की जाएगी।

### अहीर रेजिमेंट की मांग



**बारियातू।** अहीर रेजिमेंट की मांग को लेकर लातेहार स्थित मॉको डाक बंगला में होने वाले प्रांतीय यादव महासभा का शताब्दी समारोह में शामिल होने के लिए यादव महासभा के प्रखंड अध्यक्ष गोपाल यादव के नेतृत्व में प्रखंड से सैकड़ों कार्यकर्ता सुरक्षित वाहन से रवाना हुए। रवाना होने के पुर्व बारियातू स्थित फुलसु चार मुहान के समीप प्रखंड अध्यक्ष गोपाल यादव, जिला कार्यसमिति के प्रभारी महेंद्र यादव, संजय यादव व राजन यादव ने संयुक्त रूप से उपस्थित सभी लोगों को अंग वस्त्र से सम्मानित किया। जानकारी देते हुए यादव महासभा के प्रखंड अध्यक्ष यादव ने बताया कि रेजांगला में शहीद हुए अहीर वीर सैनिको के सम्मान व शताब्दी समारोह कार्यक्रम में शामिल होने के लिए यदुवंशी समाज के सैकड़ो लोग लातेहार जा रहे हैं। श्री यादव ने बताया कि प्रखंड के बारियातू, साल्वे, टोंटी, अमरवाडीह, शिबला, गोनिया, बालुभांग, फुलसु व डाढ़ा पंचायत के कई गांवों से सैकड़ों कार्यकर्ता अहीर रेजिमेंट की मांग को लेकर लातेहार में होने वाले शताब्दी समारोह में भाग ले रहे हैं। समारोह के माध्यम से सरकार से जातीय जनगणना कराना, लातेहार जिला में ओबीसी आरक्षण लागु कराने सहित कई अन्य मांग को रखा जाएगा।

# मन की बात कार्यक्रम के 100 वें एपिसोड से जुड़े भाजपाई

## मन की बात एक कार्यक्रम नहीं सामाजिक संरचना को उभारने का मंच बन चुका है: अमित कुमार गुप्ता

खबर मन्त्र संवाददाता



मन की बात कार्यक्रम को सुनते भाजपाई।

**चंदवा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 100 वें एपिसोड कार्यक्रम को चंदवा में कई स्थानो पर सुना गया। चंदवा मंडल भाजपा कमिटि के द्वारा प्रखंड के चिंहित 20 बुथो में कार्यक्रम का लाइव प्रसारण कराया गया व ग्रामीणो के साथ भाजपाईयों ने मन की बात कार्यक्रम को सुना। मंडल अध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता की अगुवाई में बूथ नंबर 303, 304 में कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम में बूथ नं 289, 290, 281, 262, 263, 325, 273, 326, 350, 320, 319, 340, 307, 308 में पंचायत अध्यक्ष एवं बूथ अध्यक्षों कि विशेष रूप से उपस्थिति रही। मंडल अध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम सिर्फ एक कार्यक्रम नही बल्कि एक सामाजिक संरचना को उभारने का मंच बन चुका है। इस कार्यक्रम से प्रभावित होकर कई जगह लोग वर्षों से पेड़ लगा कर पर्यावरण सुरक्षित कर रहें है, तो कोई नए तलब और बावड़ी बनाकर जल संरक्षण में अपना योगदान दे रहा है तो कोई स्टार्टअप इंडिया के तहत रोजगार सृजन कर देश की अर्थव्यवस्था सुधारने में अपना योगदान दे रहा है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला मंत्री कुलामन साहू, राज कुमार, आशीष सिंह, मंजू सिंह, दीपक निषाद, देवमोहन सिंह, देवमणि बैध, रिकी वर्मा, सूर्यनारायण साहू, प्रदीप ठाकुर, कृष्णा कुमार, मीनाक्षी देवी, रोहित शाहदेव, शंकर मुंडा, बैजू मुंडा, रविंद्र साहू, मुरारीलाल साहू, रामकिशुन गंझु, सुनील मुंडा, मनोज पाठक, उमाशंकर चेतन्य, अमित गुप्ता, राजन भगत समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## बूथ संख्या 336 में प्रतुल ने सुनी मन की बात

खबर मन्त्र संवाददाता



मन की बात कार्यक्रम से जुड़े प्रतुल शाहदेव व अन्य।

**चंदवा।** भारतीय जनता पार्टी के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात का 100वां एपिसोड को ऐतिहासिक बनाने के लिए बूथ स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किये गये। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव बूथ संख्या 336 रोल, महुआमिलान में सैकड़ों ग्रामीणों के साथ प्रधानमंत्री की मन की बात को सुना। प्रतुल ने कहा कि यह एक ऐतिहासिक कार्यक्रम है जिसे पूरे विश्व में करोड़ो लोगों ने सुना। प्रतुल ने कहा कि कहा कि मन की बात ने कई सामाजिक बदलाव किये। प्रधानमंत्री का स्वच्छता आंदोलन, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में हुए अच्छे कार्य, जल संरक्षण, समाज सुधार के काम ने आंदोलन का रूप धारण किया। मौके पर दीपक निषाद, आशीष सिंह, राहुल शाहदेव, बैजू मुंडा, अभ्यास, रोहित, हरिवंश प्रजापति समेत बड़ी संख्या में महिला-पुरुष शामिल थे।

### ग्रामीणों ने सुना मन की बात



**हेरहंज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का 100 वां अंक रविवार को प्रखंड क्षेत्र के 15 मतदान केंद्रो पर भाजपा कार्यकर्ताओ और आमजनो ने मोबाईल और टीबी के माध्यम से देखा और सुना। प्रधानमंत्री के मन की बात को सुनने के लिए कार्यकर्ता मतदान केंद्रो पर लोगो के साथ समय का इंतजार करते दिखे और 11 बजे से प्रधानमंत्री के मन की बात का संबोधन शुरू होते ही सभी मोबाईल और टीबी, लैपटॉप के सहारे संबोधन को सुना। मन की बात कार्यक्रम को लेकर सभी मतदान केंद्रो पर प्रभारी भी नियुक्त किये गये थे। मतदान केंद्र संख्या 11 मे रूपेंद्र जायसवाल, अरबिंद यादव, भाजपा किसान मोर्चा प्रखंड उपाध्यक्ष त्रिवेनी भोक्ता, किसान बीरेंद्र दुबे, भाजपा युवा कार्यकर्ता रविंद्र दुवे, नंदेव गंझु, उदय गंझु समेत कई भाजपा कार्यकतावी किसानो एवं स्कूली बच्चो के साथ कार्यक्रम को सुना।

# हादसा : डिवाइडर तोड़ कर सड़क पर आयी पेट्रोलिंग यान

- चंदवा टोरी स्थित रेलवे फाटक की घटना, काफी देर तक रहा फाटक बंद

खबर मन्त्र संवाददाता



डिवाइडर को तोड़कर सड़क पर आयी पेट्रोलिंग यान।

**चंदवा।** सीआईसी सेक्शन बरकाकाना बरवाडीह रेलखंड अंतर्गत टोरी रेलवे फाटक के समीप रविवार की सुबह 6:35 बजे रेलवे के बफर सेंड्रम यार्ड में प्रवेश करने के दौरान पेट्रोलिंग एमटी यान यार्ड के डिवाइडर को तोड़ते हुए एनएच 99 मुख्य सड़क पर आ गयी। गलिमत रही कि इस दौरान वहां से वाहन नहीं गुजर रहा था, अन्यथा बड़ा हादसा भी हो सकता था। घटना की तत्काल सूचना के बाद टीआई संजय कुमार, एसएस रंजीत कुमार व आरपीएफ निरीक्षक प्रभारी दीपक कुमार, सीएलआई मोती सिंह, पीडब्ल्यूआई तारा सिंह रेलवे के अधिकारियों के साथ घटनास्थल पहुंचे, घटना का जायजा लिया। दुर्घटनाग्रस्त हुए पेट्रोलिंग यान को घटनास्थल से हटाने को लेकर बरकाकाना से दुर्घटना राहत ट्रेन की टीम बुलायी गयी, जिनके द्वारा लगभग 3:30 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद दुर्घटनाग्रस्त हुए पेट्रोलिंग यान को हटाया गया व क्षतिग्रस्त हुए सड़क को ठीक किया गया। हालांकि घटना किन की लापरवाही से हुआ है यह स्पष्ट नहीं हो पाया था। बताया जाता है कि रविवार की अहले सुबह उक्त पेट्रोलिंग यान से टोरी आरपीएफ के जवान टोरी-बीराटोली-बालूमाथ की ओर से पेट्रोलिंग कर लौटे थे। लौटने के बाद पेट्रोलिंग यान को इंजीनियरिंग यार्ड में शिफ्ट कर लगाया जा रहा था, इस दौरान लोको पायलट, सेंटरिंग मैन की लापरवाही के उक्त हादसा हुआ। यार्ड में रुकने के निर्धारित स्थान से लगभग 50 फीट से अधिक दूरी तय ट्रेन दौड़ गयी। ब्रेक का काम नहीं करना भी दुर्घटना का कारण बताया जा रहा है। बता दे कि 7 दिन पूर्व 23 अप्रैल को भी टोरी कोल साइडिंग के पास माल गाड़ी का पहिया पटरी से उतर गया था। 1 सप्ताह में दूसरी बार बड़ा रेल हादसा बड़े सवाल को जन्म दे रहा है व कार्यप्रणाली को भी सवालों के घेरे में खड़ा कर रहा है।

### तीन दूकाने लॉटरी के माध्यम से आवंटित



बैठक करते लोग।

**महुआडांड़।** महुआडांड़ दूर्गा बाड़ी परिसर में रविवार को महुआडांड हिन्दू महासभा के अध्यक्ष मनोज जायसवाल की अध्यक्षता में हिन्दू महासभा की बैठक संपन्न हुई। बैठक में हिन्दू महासभा के महामंत्री संजय जायसवाल, सर्वेश पाठक, रौनियार वैश्य विकास मंच के अध्यक्ष अंतु साव, बृजमोहन जायसवाल, संतोष गुप्ता, अवधेश जायसवाल, मनोज जायसवाल, सुनील सोनी, प्रशांत सिंह, राजू प्रसाद, संजय राय आदि समेत काफी संख्या में हिन्दू महासभा समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य गण मौजूद थे। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बैठक में दुर्गा बाड़ी परिसर स्थित खाली पड़े तीन दूकानो का लॉटरी के माध्यम से कमरा नंबर 1-विद्या शंकर प्रसाद, कमरा नंबर 2-महेंद्र जायसवाल एवं कमरा नंबर 3-कृष्णा प्रसाद शौंडिक को आवंटित किया गया। हिन्दू महासभा के अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने बताया कि दुर्गा बाड़ी परिसर स्थित खाली पड़े तीन दूकानो के लिए 43 लोगों के द्वारा आवेदन प्राप्त हुआ था।

# आगामी 23 से 25 जून तक रांची में होनेवाले राज्य स्तरीय फिल्म फेस्टिवल के पोस्टर का लोकार्पण

## समय की मांग है कि राज्य में अपना फिल्म उद्योग हो : हरिकृष्ण

खबर मन्त्र संवाददाता




जानकारी देते अतिथि।

**लातेहार।** जिला मुख्यालय स्थित होटल द ब्लिश के सभागार में रविवार को चित्रपट झारखंड द्वारा आगामी 23 से 25 जून तक रांची में आयोजित होनेवाले राज्य स्तरीय फिल्म फेस्टिवल के पोस्टर का लोकार्पण किया गया। लोकार्पण के उपरांत मुख्य अतिथि सह पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह ने कहा कि आज जब राज्य में बेरोजगारी की समस्या बढ़ रही है तब मनोरंजन उद्योग के रूप में राज्य को स्थापित करने का प्रयास समय की मांग है। इसके पूर्व विषय प्रवेश करते हुए चित्रपट झारखंड के पलामू प्रभारी राकेश रमण ने कहा कि भारतीय संस्कृति के मूल्यों को आधार बना कर राज्य में सिनेमा का वातावरण बनाने के लिए चित्रपट झारखंड का गठन किया गया है। चित्रपट झारखंड के राज्य समवयक नंद कुमार सिंह ने आयोजन के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि आज जब हाथ के मोबाइल तक में सिनेमा बनाने की क्षमता आ गयी है तब भी हम रोजगार के इस महत्वपूर्ण अवसर से कॉफी दूर खड़े हैं। उन्होंने आगे बताया कि जिन सांस्कृतिक मूल्यों के विषयों को लेकर भारतीय सिनेमा की शुरूआत हुई थी, आज उसमें काफी बिखराव दिखने लगा है। उन्होंने आगे बताया कि इस राज्य में जनजातीय समाज की बहुलता है तथा इस राज्य की भाषा, संस्कृति तथा इतिहास भी समृद्ध रहा है। इस वर्ष इसी विषय को केंद्र में रखकर आगामी 23 से 25 जून तक रांची के सरला बिड़ला विश्वविद्यालय के परिसर में फिल्म महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें राज्य के फिल्मकार मात्र 250 तथा 100 रुपये का शुल्क भरकर प्रतिभागी बन सकते हैं। साथ ही पोस्टर पर दिये गये क्यू आर कोड को स्कैन करके भी पूरी जानकारी ली जा सकती है। कार्यक्रम का संचालन नवीन सहाय तथा राकेश रमण ने किया। मौके पर समाजसेवी चेतलाल रामदास, लालू यादव, शिक्षक सुरेश ठाकुर, विजय, अभिनंदन राम, रविकांत भगत, जितेंद्र भगत, लवकेश उरांव, रिंकू उरांव, सुजीत उरांव, पंकज कुमार, शुकुल उरांव, कुन्दन गुप्ता, प्रशांत कुमार आदि उपस्थित थे।

# बालूमाथ : भामाशाह की 476 वां जयंती पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथि।

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड के टमटमटोला ग्राम में शनिवार को दानवीर भामाशाह की 476 वां जयंती मनाया गया। मुख्य अतिथि झारखंड राज्य के पूर्व कृषि मंत्री योगेंद्र साव ने भामाशाह के चित्र पर दीप प्रज्जवलित कर एवं पुष्प अर्पित कर जयंती मनाई। वहीं भामाशाह की जयंती पर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन पूर्व कृषि मंत्री योगेंद्र साव ने फीता काटकर किया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए योगेंद्र ने कहा कि जब मुगलों ने महाराणा प्रताप को हराकर सारा संपत्ति लूट ली थी और महाराणा प्रताप जंगल में भटक रहे थे और घास खाने को मजबूर थे। ऐसे समय में भामाशाह पूरा खजाना देकर और उसी के बाद सेना संगठित कर पुनः साम्राज्य स्थापित किया था। आज हमारे समाज में भामाशाह बहुत है लेकिन दानबीर बनने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक जीवन में हम लोगों का संघर्ष का दौर चल रहा है। हमारा समाज कई भागों में बटा हुआ है इसलिए समाज को एक सूत्र में बंधने की जरूरत है। जो समाज के लोग सोए हुए हैं उसे आगे लाने की जरूरत है आज शिक्षा, राजनीतिक, व्यवसाय एवं अन्य क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका में बैठने के लिए अपने लोगों को नेतृत्व करने का मौका देना चाहिए। हम लोग जल जंगल जमीन की लड़ाई लड़ते हैं लेकिन आज कानून में संशोधन कर कंपनी को लाभ दिया जा रहा है। झारखंड में भ्रष्टाचार चरम पर है आवासीय, चरित्र प्रमाण पत्र बनाने के नाम पर 200 मांगा जा रहा है। हमारे द्वारा विरोध करने पर मुझे 5 साल जेल के सलाखों में रखा गया। उन्होंने कहा कि अपने बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार दें। वहीं का कार्यक्रम के दौरान सागर एंड म्यूजिकल ग्रुप के द्वारा एक से बढ़कर एक गीत व नृत्य पेश किया गया। इस मौके पर तिलेश्वर साव टडवा, धर्मेंद्र प्रसाद, श्यामलाल प्रसाद, पवन गुप्ता लातेहार, अशोक साहू पलामू, अरुण साव, आदित्य नारायण साहू, भुनेश्वर साहू, मनोहर साहू, वीरेंद्र गुप्ता, केदार गुप्ता, अर्जुन कुमार, महेश्वर साहू, त्रिवेणी साहू, सूरज कुमार साह, राम कुमार गुप्ता राजेंद्र साव नगड़ा, विजय प्रसाद समेत कई लोगों ने सराहनीय भूमिका निभाई।

# पियर टीम का बीएस कॉलेज लातेहार में हुआ आगमन

खबर मन्त्र संवाददाता



कार्यक्रम में माजूद गणमान्य।

**लातेहार।** राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) के द्वारा गठित पियर टीम का आगमन 27 अप्रैल को हुआ। जिसमें टीम के चेयरमैन के रूप मे बिद्या सागर विश्वविद्यालय मिदनापुर (प.ब.) के कुलपति डॉ. (प्रो) दामोदर मिश्रा, कॉर्डिनेटर के रूप में स्कूल ऑफ एजुकेशन महेंद्रगढ़ हरियाणा के प्रो. सारिका शर्मा तथा मेंबर के रूप में मेरठ कॉलेज मेरठ उप्र. के डॉ एन पी सिंह के द्वारा बनवारी साहू महाविद्यालय का भौतिक सत्यापन किया गया। टीम ने महाविद्यालय के भवन, पुस्तकालय, आईसीटी लैब, परीक्षा विभाग, नामांकन विभाग, लेखाविभाग, सभी विषयों के विभाग कक्ष, एनएसएस, प्रयोगशाला, स्मार्ट क्लास रूम, सभागार, बागवानी, मेडिशनल गार्डन, नवग्रह वाटिका, नक्षत्र वाटिका, खेल मैदान, इग्नू, वाहन पार्किंग स्थल, पेयजल, कैंटीन, बॉय्ज एवं गर्ल्स कॉमन रूम आदि महाविद्यालय के प्रत्येक संसाधनों का बारीकी से अवलोकन किया। इसके अलावा सभी बिभाग के विभागाध्यक्ष एवं सहायक प्राध्यापक से व्यक्तिगत रुप से विभाग में जाकर शैक्षणिक कार्य कलाप की जानकारी प्राप्त की। टीम ने छात्र छात्राओं, पूर्ववर्ती छात्र, अभिभावकों से रूबरू होकर पठन पाठन की गतिविधियों के बारे मे जानकारी प्राप्त की। सभी महाविद्यालय के शिक्षकेत्तर कर्मियों से बारी बारी से मिल कर महाविद्यालय के गतिविधियों की जानकारी प्राप्त किया एवं कुछ पहलुओं पर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। टीम ने महाविद्यालय में शैक्षणिक गुणवत्ता को उत्तम बनाने हेतु आई क्यू ए सी संयोजक को आवश्यक निर्देश दिया। प्राचार्य को उत्तरोत्तर विकास हेतु परामर्श दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सचिव अंजू गुप्ता, प्राचार्य प्रदीप तिवारी, आई क्यू ए सी संयोजक प्रो. रविंद्र कुमार, सभी विषयों के प्राध्यापक, तृतीय वर्गीय एवं चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी तथा छात्र-छात्रा उपस्थित थे।

# उपायुक्त के निर्देश पर अवैध खनन, भंडारन पर बड़ी कार्रवाई



कागजात की जांत करते पदाधिकारी।

- जिला खनन टास्क फोर्स द्वारा अलग-अलग अंचल में कुल 45 स्थलों पर की गयी छापेमारी 45 वाहनों को किया गया जप्त
- एसडीओ, डीएमओ, डीटीओ, डीएसपी एवं सीओ एवं थाना प्रभारी द्वारा अंचलवार की गयी छापेमारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** जिले में अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन के रोकथाम को लेकर उपायुक्त भोर सिंह यादव के निर्देश पर शनिवार को जिला खनन टास्क फोर्स के द्वारा देर रात्रि बड़ी कार्रवाई की गयी। अवैध खनन को लेकर जिला खनन टास्क फोर्स द्वारा अलग-अलग अंचल में कुल 45 स्थलों पर एक साथ छापेमारी की गयी। छापेमारी के दौरान अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन में संलिप्त कुल 45 वाहनों को जप्त किया गया एवं चार मामलों में थाने में प्राथमिकी दर्ज करवायी गयी। इस दौरान ट्रैक्टर में भरे गए बालू एवं कोयला को भी जप्त कर लिया गया।

### जिला खनन टास्क फोर्स की कार्रवाई से मचा हड़कंप

अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन का लेकर जिला खनन टास्क फोर्स के द्वारा एक साथ की गयी छापेमारी से अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण में संलिप्त माफिओं में हड़कंप मच गया। छापेमारी के दौरान पहली बार एक साथ कुल 45 स्थलों पर छापेमारी की गयी एवं 25 वाहनों को जप्त किया गया, जबकि अवैध बालू एवं कोयले की भी जप्ती की गयी। इस दौरान चार मामलों में प्राथमिकी भी दर्ज करवायी गयी।

# अवैध कोयले का परिवहन करने वाले नौ लोग गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता



छापमारी अभियान चलाती पुलिस।

**बालूमाथ।** लातेहार जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार और बालूमाथ पुलिस की दो अलग-अलग टीमो ने अवैध कोयला परिवहन के विरूद्ध छापेमारी अभियान चलाकर अवैध कोयला लदे मोटरसाइकिल को जब्त किया है एवं मौके पर से नौ लोगो को गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए बालूमाथ एसडीपीओ अजित कुमार ने बताया कि अवैध रूप से कोयला परिवहन के विरुद्ध जांच अभियान लगाया गया था। जहां बालूमाथ थाना क्षेत्र के नगड़ा ओवर ब्रिज और बसिया ओभरब्रिज सहित बालूमाथ थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों के पास अवैध कोयला लदे मोटरसाइकिल को जप्त किया गया। वहीं इस अवैध कोयला चोरी में संलिप्त नौ लोगो को भी गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार लोगो मे मनोज लोहरा 36 वर्ष पिता स्व. सुंदर लोहरा मंगरा लातेहार निवासी, संतोष कुमार 22 वर्ष पिता कोल्हा साव, शशि कुमार 30 वर्ष पिता बंसी रजवार, सुरेश साव 26 वर्ष पिता शंभू साव, प्रदीप कुमार 29 वर्ष पिता बीरेंद्र साव, राजेश कुमार 25 वर्ष शंभू साव, विनोद कुमार 30 वर्ष पिता राजेंद्र साव, आशीष कुमार राम 17 वर्ष पिता बिंदेश्वर राम, सुरेंद्र साव 48 वर्ष पिता स्व. सुखदयाली साव सभी गोबरीटोला थाना बालूमाथ निवासी शामिल है। इस संबंध में बालूमाथ थाना में कांड संख्या 64/23,65/23 और धारा 379,414 भा.द.वी 30 (2) कोल माइन्स एक्ट, 21 एमएमडीआर एक्ट, एवं 13 झारखंड मिनिरल्स रूल्स 2017 के मामला दर्ज करते हुए। गिरफ्तार सभी को मंडल लातेहार भेज दिया गया। वही इस छापेमारी दल में जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार, बालूमाथ एसडीपीओ अजीत कुमार, बालूमाथ सर्किल इंस्पेक्टर शशि रंजन कुमार, बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद, बालूमाथ एसआई धीरज कुमार सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

